दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 30 जयपुर, सोमवार, 08 जनवरी, 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष- द्वादशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजन 2047 साकार करने के लिए पुलिस प्रमुखों को किया प्रेरित



### राज्यपाल और सीएम ने दी विदाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीन दिवसीय राजस्थान प्रवास पश्चात राजधानी दिल्ली लौटने पर हवाई अड्डे पर राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने उन्हें विदाई दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, प्रेम चंद बैरवा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर सहित कई मंत्री मौजूद रहे।

# ‘नागरिक पहले, गरिमा पहले और न्याय पहले’ की भावना से बने नए कानून: PM

**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नए कानूनों ने आपराधिक न्याय तंत्र में एक प्रतिमान स्थापित किया है। उन्होंने जोर देकर कहा ये नए आपराधिक कानून ‘नागरिक पहले, गरिमा पहले और न्याय पहले’ के भावना के साथ तैयार किए गए हैं और ‘डंडा’ के स्थान पर अब पुलिस को ‘डेटा’ के साथ काम करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने पुलिस प्रमुखों को यह सुझाव दिया कि वे नए कानूनों के पीछे छिपे भावनात्मक आत्मा को समाज के विभिन्न खंडों तक पहुंचाने के लिए कल्पनाशील रूप से सोचें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को यहां राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में हुई दो दिवसीय 58वीं डीजी-आईजी पुलिस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने देश के तमाम पुलिस प्रमुखों को 2047 तक विकसित बनाने के लिए आत्म-परिवर्तन की आवश्यकता पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री ने नए आपराधिक कानूनों के तहत महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा की संरचना के प्रति संवेदनशीलता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिलाएं ‘कभी भी और कहीं भी’ बिना डर के काम कर सकें, इसके लिए पुलिस को महिला सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। नागरिकों में पुलिस की सकारात्मक छवि को मजबूत करने की आवश्यकता पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने नागरिकों के हित के लिए सकारात्मक जानकारी और संदेशों को पुलिस स्टेशन स्तर पर सोशल मीडिया का उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने प्राकृतिक आपदा और आपातकालीन सहायता पर सोशल मीडिया का उपयोग करने का सुझाव भी दिया। साथ ही, नागरिक-पुलिस कनेक्ट को मजबूत करने के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करने की सुझाव भी की। उन्होंने देश की सीमाओं पर स्थित गांवों में सरकारी अधिकारियों से सीधा संपर्क स्थापित करने के लिए कहा, क्योंकि ये अंतिम गांव नहीं, बल्कि भारत के ‘पहले गांव’ हैं।

## पुलिस का महिला सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान




### सौर मिशन-आदित्य एल 1 की सफलता ने बढ़ाया गौरव

प्रधानमंत्री ने देश के पहले सौर मिशन- आदित्य-एल1 और अरब सागर में हाईजैक्ड जहाज से 21 भारतीय चालक दल के सदस्यों को मुक्त कराने और त्वरित बचाव की घटना की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये उपलब्धियां दिखाती हैं कि भारत दुनिया में एक प्रमुख शक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि आदित्य-एल1 की सफलता चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के समान है। उन्होंने भारतीय नौसेना द्वारा अरब सागर में जहाज हाईजैकर्स के खिलाफ की गई कार्रवाई को भी गौरव बढ़ाने वाली बताया। उन्होंने कहा कि देश की बढ़ती वैश्विक पहचान और राष्ट्रीय बल के संवर्धन के साथ भारतीय पुलिस को विजन 2047 के तहत एक आधुनिक और विश्व-स्तरीय पुलिस बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### ये रहे प्रमुख विषय

सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई, जिनमें नए महत्वपूर्ण आपराधिक कानून, आतंकवाद के खिलाफ रणनीतियां, नक्सलवाद, उभरते साइबर खतरे और वैश्विक आतंकवाद आदि शामिल थे।

### पुलिस मेडल्स प्रदान किए

प्रधानमंत्री मोदी ने अधिकारियों को पुलिस मेडल फॉर डिस्टिंग्विश्ड सर्विसेज प्रदान किए।

### ये रहे मौजूद

इस सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अिमत शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, गृह राज्य मंत्री, केंद्रीय गृह सचिव, राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के डीजीपी व आईजी के साथ ही केंद्रीय पुलिस संगठनों/केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के प्रमुखों ने भी भाग लिया। पिछले वर्षों की तरह, सम्मेलन को हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया था, जिसमें देशभर से विभिन्न रैंक के 500 से अधिक अधिकारियों ने शिरकत की।

## सच बेधड़क मीडिया ग्रुप की ओर से 15 जनवरी को अल्बर्ट हॉल पर किया जाएगा आयोजन

# सीपी जोशी को ‘रामाभिषेकम् और विशाल आरती’ का निमंत्रण

**बेधड़क मुलाकात**





**बेधड़क** | जयपुर

सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर एवं एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी को ‘रामाभिषेकम और विशाल आरती’ के लिए निमंत्रण दिया। यह कार्यक्रम ‘सच बेधड़क’ मीडिया ग्रुप की ओर से 15 जनवरी को अल्बर्ट हॉल पर किया जा रहा है। यहां पर अयोध्या से लाए गए सिद्ध अष्टधातु के रामलला और हनुमानजी के बाल विग्रह का दरबार सजाया जाएगा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान दोनों बीच कार्यक्रम के साथ ही सनातन धर्म एवं आध्यात्मिक विचारधारा पर भी चर्चा हुई।


# प्रदेश में सात जिलों की कमान संभालेंगी महिला कलेक्टर



### ■ 30 वर्ष की डॉ.सौम्या झा सबसे युवा जिला कलेक्टर

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में हुए प्रशासनिक फेरबदल में 50 जिलों में से सात जिलों की कमान महिला आईएएस को सौंपी है। ये कोटपूतली-बहरोड़, चूरू, झुंझुनूं, सिरोही, प्रतापगढ़, केकड़ी और टोंक जिले हैं। इन महिलाओं में पांच आईएएस हैं, जबकि 2 प्रमोटी आईएएस हैं। टोंक की जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा 30 वर्ष की सबसे युवा जिला कलेक्टर हैं।



**■ कल्पना अग्रवाल- कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर**
कल्पना अग्रवाल प्रमोटी आईएएस हैं। वे सिरोही जिले के शिवगंज की रहने वाली हैं।

**■ अंजली राजोरिया- प्रतापगढ़ जिला कलेक्टर**
अंजली राजोरिया वर्ष 2015 बैच की आईएएस हैं। वे नवगठित जिले गंगापुर सिटी की कलेक्टर रह चुकी हैं। अंजली राजोरिया जयपुर की निवासी हैं।

**■ श्वेता चौहान- केकड़ी जिला कलेक्टर**
श्वेता चौहान (31) ने वर्ष 2016 में ऑल इंडिया में 8वीं रैंक हासिल की थी। वे उत्तर प्रदेश की हैं।

**■ शुभम चौधरी - सिरोही जिला कलेक्टर**
शुभम चौधरी 2014 बैच की आईएएस अफसर हैं। तीसरे प्रयास में आईएएस की ऑल इंडिया में 11वीं रैंक मिली। वे दिल्ली यूनिवर्सिटी में सहायक प्रोफेसर पद पर कार्यरत रही हैं।

**■ चिन्मयी गोपाल - झुंझुनूं जिला कलेक्टर**
चिन्मयी गोपाल वर्ष 2014 बैच की आईएएस हैं। उन्होंने अर्थशास्त्र में एमए किया है। चिन्मयी गोपाल दिल्ली की रहने वाली है।

**■ पुष्पा सत्यानी - चूरू जिला कलेक्टर**
पुष्पा सत्यानी प्रमोटी आईएएस हैं। वे राजस्थान सरकार के कई पदों पर काम कर चुकी हैं। वे बीकानेर की रहने वाली हैं।

दूसरे पायदान पर आ रहीं श्वेता चौहान 31 वर्षीय को केकड़ी का कलेक्टर लगाया है। वे पहले प्रयास में आईएएस में चयनित हुई थी। हिमाचल प्रदेश कैडर मिला था। राजस्थान कैडर के आईएएस अक्षय गोदारा से शादी के बाद इन्होंने कैडर बदल लिया।

## विनोद जाखड़ को NSUI की कमान



**जयपुर।** एआईसीसी के जनरल सेक्रेटरी के सी वेणुगोपाल ने एक आदेश जारी कर राजस्थान यूनिवर्सिटी छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष विनोद जाखड़ को रविवार को प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जाखड़ को झोटवाड़ा विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व अध्यक्ष अभिषेक चौधरी की जगह जिम्मेदारी दी गई है। जाखड़ ने कहा कि उनकी प्राथमिकता रहेगी कि राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव फिर से शुरू करवाए जाएं।


**शीतलहर के बीच बारिश का अलर्ट**

# झालावाड़ में बूंदाबांदी, जयपुर सहित 20 जिलों में आज मावठ के आसार

## ठंड से केकड़ी में किसान की मौत, चूरू में पटरियों में आया गैप

**बेधड़क** | जयपुर

समूचे प्रदेश में जनवरी में चल रही शीतलहर के बीच प्रदेश में अगले दो दिनों में राजधानी सहित कई जिलों में मावठ का अलर्ट है। इस बीच, रविवार को झालावाड़ के कुछ क्षेत्रों में बूंदबांदी हुई, जिससे वहां तापमान में और गिरावट आ गई। उधर, केकड़ी जिले में एक किसान के तेज सर्दी के कारण मौत हो गई। वहीं, सर्दी के कारण चूरू जिले के रतनगढ़ में रेलवे लाइन के सिकुड़ने से 10 एमएम का गैप आ गया। माउंट आबू में रविवार को पारा वापस माइनस में चला गया।



अलवर में भी न्यूनतम तापमान 3 डिग्री तक ढल गया। वहीं, राजधानी जयपुर में न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री दर्ज हुआ।

**रात में खेत की रखवाली में गई जान:** केकड़ी के सावर थाना इलाके की पाडलिया गांव में खेत की रखवाली करते किसान की सर्दी के कारण मौत हो गई। हेड कांस्टेबल भंवर लाल मीणा ने बताया कि किसान शाम को खेत पर रखवाली करने गया था। सुबह तक वह घर नहीं लौटा तो परिजन उसे तलाशते हुए खेत पर पहुंचे। जहां पर वह मृत मिला। वहीं, सर्दी के कारण चूरू जिले के रतनगढ़ में पटरियां सिकुड़ जाने के कारण उनमें दो इंच का गैप आ गया। जानकारी के अनुसार चूरू जिले के रतनगढ़ में जीआरपी थाने के सामने स्थित मुख्य रेलवे लाइन में करीब 10 एमएम का गैप आ गया। वक्त रहते पता चलने से कोई बड़ी घटना नहीं हुई।

**कई जगह ओलावृष्टि भी संभव:** मौसम केंद्र, जयपुर के मुताबिक जयपुर, सीकर, चूरू, नागौर, अजमेर, टोंक, बूंदी, कोटा, बारां, झालावाड़, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, पाली और सिरोही-जालोर में कई जगह बारिश, जबकि कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि होने की संभावना है।

# जयपुर के 3 दोस्तों की कार खाई में गिरी, दो की मौत

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर से हिमाचल घूमने गए तीन दोस्तों की कार रविवार सुबह 80 फीट गहरी खाई में निर्माण कार्य के लिए लगे सरियों पर जा गिरी। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई,जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस और स्थानीय लोगों ने क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला। इस हादसे में निवारू रोड निवासी अरिहंत छाजेड़ और अलकापुरी मुरलीपुरा निवासी भूपेन्द्र चौधरी की मौत हो गई, जबकि उनका दोस्त आदित्य अपार्टमेंट निवासी लक्ष्मण घायल हो गया। जानकारी के अनुसार राजस्थान नंबर की कार RJ 14 UK 1052 में सवार तीन लोग मनाली की तरफ जा रहे थे। सात मील के पास पहुंचते ही कार अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी।

## चुनाव बहिष्कार के बीच हसीना की जीत

**ढाका।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री एवं अवामी लीग प्रमुख शेख हसीना ने आम चुनाव में लगातर पांचवी बार जीत दर्ज की है। बता दें कि 76 वर्षीय हसीना 2009 से सत्ता में हैं और उनकी अवामी लीग ने दिसंबर 2018 में पिछला चुनाव जीता था। चुनाव आयोग के एक प्रवक्ता ने कहा कि हिंसा की छिटपुट घटनाओं के अलावा 300 निर्वाचन क्षेत्रों में से 299 में मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा। ■ पेज 10 भी देखें

**राजस्थान में दुष्कर्म के मामलों पर बड़ा खुलासा**

# प्रदेश में रेप के 50 फीसदी से अधिक मामले जांच में पाए गए झूठे

- पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी किए गए आंकड़ों की पड़ताल में हुआ खुलासा
- प्रतापगढ़-दूदू में बालिग और भरतपुर-डीग में नाबालिग के ज्यादा झूठे मामले
- महिलाओं के 54.68% और नाबालिगों के 22.39% मामले झूठे

**ओमप्रकाश शर्मा** | बेधड़क

पिछले कुछ बरसों में दुष्कर्म की घटनाओं को लेकर अक्सर प्रदेश चर्चा में रहा है। विरोधी दल राजस्थान को रेपिस्तान तक कहने लगे। जबकि प्रदेश के थानों में दर्ज होने वाले मुकदमों की पड़ताल में सामने आया कि अधिकतर दुष्कर्म के मुकदमे रंजिश, जमीनी या लेनदेन के विवाद अथवा ब्लैकमेल करने के लिए दर्ज कराए जा रहे हैं। मेवात इलाके में तो हालात यह है कि दुष्कर्म के मुकदमे भी क्रॉस में दोनों पार्टियों की तरफ से कराए जाते हैं।

सच बेधड़क द्वारा की गई पड़ताल में ये चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। प्रदेश में कुल 4400 बालिग युवती व महिलाओं और 1514 नाबालिगों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हुई है। पुलिस ने जांच में बालिगों की 54.68 फीसदी और नाबालिगों के साथ हुई 22.39 फीसदी घटनाओं को झूठा माना है। ऐसे मामलों में पुलिस ने एफआर लगा दी है। प्रतापगढ़ व दूदू में सबसे ज्यादा झूठे मामले दर्ज हुए। दूदू में तो सभी मामले पुलिस ने झूठे माने हैं।

**इन जिलों में सबसे ज्यादा घटनाएं पाई गईं झूठी:** पड़ताल में सामने आया कि दूदू जिले में 100% प्रतापगढ़ में 70.83%, करौली में 67.27%, धौलपुर में 73.08%, भरतपुर में 64.91%, गंगानगर में 67.78 और जयपुर दक्षिण में 66% रेप केस झूठे पाए गए हैं, जबकि बालिकाओं के मामले में सबसे ज्यादा जांच में भरतपुर में 52.38%, डीग में 50%, डीडवाना-कुचामन में 45%, शाहपुरा में 42.86% और धौलपुर में 37.50% मामले झूठे पाए गए हैं।

**इन जिलों में सबसे कम झूठे मामले:** रेप के सबसे कम झूठे केस बारां, कोटा ग्रामीण, सांचोर, जालोर, फलौदी व नागौर जिले में दर्ज होते हैं। वहीं, बालिकाओं के मामलों में जयपुर पश्चिम, जालोर व सलूंबर जिले में एक भी मामला झूठा नहीं पाया गया। टोंक, जोधपुर पूर्व, पाली, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा व डूंगरपुर में 10% से कम जांच में झूठे पाए गए हैं।



### महिलाओं के साथ दुष्कर्म की रेंजवार स्थिति

| रेंज | मुकदमे | एफआर | फीसदी झूठे |
|---|---|---|---|
| अजमेर रेंज | 490 | 162 | 52.77 |
| जयपुर कमिश्नरेट | 443 | 143 | 53.56 |
| जयपुर रेंज | 558 | 225 | 59.37 |
| सीकर | 297 | 112 | 56.57 |
| बीकानेर | 455 | 185 | 55.89 |
| भरतपुर रेंज | 455 | 210 | 69.31 |
| जोधपुर कमिश्नरेट | 104 | 37 | 48.68 |
| जोधपुर रेंज | 208 | 66 | 49.62 |
| पाली रेंज | 213 | 70 | 46.05 |
| कोटा रेंज | 380 | 121 | 46.18 |
| उदयपुर रेंज | 539 | 185 | 51.10 |
| बांसवाड़ा रेंज | 257 | 88 | 53.66 |
| कुल | 4400 | 1605 | 54.68 |

## जरूरी खबर

### राज्यपाल ने पीएम नरेन्द्र मोदी से की मुलाकात



**बेधडक,जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने रविवार सुबह राजभवन विश्राम गृह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र ने इस अवसर पर शुभता के प्रतीक भगवान श्रीगणेश की छवि में उकेरी राजस्थान की प्रसिद्ध मीनाकारी कला का स्मृति चिह्न भी उन्हें भेंट किया। राज्यपाल ने शॉल ओढ़ाकर पीएम का अभिनंदन किया। इस दौरान राज्यपाल ने प्रधानमंत्री मोदी से प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों और संवैधानिक जागरूकता के लिए किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की।

### डीएलबी ने हटाए 11 अस्थाई सलाहकार

**बेधड़क, जयपुर।** स्वायत्त शासन संस्था ने अस्थाई सलाहकार के रूप में कार्यरत 11 सेवानिवृत अधिकारियो को हटा दिया है। इस संबध में निदेशक हृदयेश कुमार शर्मा ने आदेश जारी किए हैं। इसके तहत अब अनिल कुमार कौशिक, विनोद कुमार पारीक, जेपी शर्मा, बद्रीप्रसाद रायप्रिया, नरोत्तम श्रीमाल, प्रदीप गौड़, मातादीन डुचोनिया, भास्कर भारद्वाज, नरेंद्र तंवर, ज्ञान प्रकाश शर्मा और सुरेश सिंह चौहान को सेवाएं समाप्त कर दी है।

### किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा: बेढम



**बेधड़क, जयपुर।** प्रदेश के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम रविवार को डीग दौरे पर रहे। राज्यमंत्री जवाहर सिंह ने क्षेत्र के अपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि या तो अपराध करना बंद कर दो, नहीं तो ये नगर का बेटा अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचा देगा। उन्होंने कहा कि चाहे कोई भी हो यदि अपराध में लिप्त पाया गया, तो बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस को सख्त निर्देश दे दिए गए हैं। वहीं डीग पहुंचने पर आम लोगों ने राज्यमंत्री जेसीबी से पुष्पवर्षा और माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान बेढम ने रोड शो कर वोटर्स का अभिवादन किया। राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेडम ने कहा कि गाय की पूंछ का कोई बाल भी उखाड़ने की कोशिश करेगा, उसे सलाखों के पीछे भेजेंगे। राज्यमंत्री के नगर पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने गोवंश की तस्करी को लेकर चिंता जाहिर की थी। इस पर उन्होंने कहा कि मैंने दीन-दुखी, वंचित के साथ खड़े होकर हमेशा न्याय की लड़ाई लड़ी है।

## विभागों के बंटवारे के बाद सीएम ने दिया स्नेह भोज, योजनाओं को धरातल पर लागू करने के दिए निर्देश

# मंत्री तीन दिन फील्ड में रहकर करें हार्ड वर्क: CM भजन लाल

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मंत्रियो को क्षेत्र और विभाग में कार्य करने का सूत्र देते हुए कहा कि मंत्री तीन दिन जयपुर और तीन दिन फील्ड में रहकर हार्ड वर्क करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अंतिम छोर तक बैठे हुए व्यक्ति तक केंद्र और राज्य की योजना का लाभ देने के लिए सभी मंत्री हार्ड वर्क करें।



यदि सभी मंत्री हार्डवर्क करेंगे तो योजनाएं धरातल पर अच्छे से लागू हो सकेंगी। दरअसल, प्रदेश में भाजपा सरकार के गठन के बाद रविवार को पहली बार मुख़्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मंत्रियो से अनौपचारिक बैठक की। सीएम शर्मा ने विभागों के बंटवारे के बाद रविवार को मंत्रियो को स्नेह भोज के लिए सीएमआर में आमंत्रित किया था। सीएम शर्मा ने स्नेह भोज के दौरान मंत्रियों से सरकार की कार्ययोजना को आमजन तक पहुंचाने पर चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री भजन लाल ने कहा कि केंद्र की विकसित भारत संकल्प यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने की आगामी कार्ययोजना पर विशेष ध्यान देना चहिए। मुख्यमंत्री शर्मा ने सभी विभागों में 100 दिवस की कार्य योजना जल्द से जल्द तैयार कर आमजन तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि दो दिन पहले ही मंत्रियों के विभागों का बंटवारा किया गया था।

### ये मंत्री पहुंचे लंच पर

सीएमआर में लंच के लिए उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा के अलावा कैबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, मदन दिलावर, सुरेश रावत, जोराराम कुमावत, कन्हैया लाल चौधरी, अविनाश गहलोत, राज्य मंत्री संजय शर्मा, गौतम कुमार दक, ओटाराम देवासी, विजय सिंह चौधरी, मंजू बाघमार और केके विश्नोई पहुंचे।

### परीक्षा के सफल आयोजन पर प्रशंसा

आरपीएससी की ओर से आयोजित सहायक आचार्य, लाइब्रेरियन और पीटीआई परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा ने सभी एजेंसियों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि परीक्षा को पारदर्शिता के साथ कराने के लिए पुलिस और प्रशासन अलर्ट रहा। मुख्यमंत्री ने भर्ती परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन पर सभी एजेंसियों के कार्य को काबिले तारीफ बताया। गौरतलब है कि भाजपा सरकार बनने के बाद रविवार को पहली बार भर्ती परीक्षा का आयोजन हुआ।

### जनसुनवाई केंद्र का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाए गए जनसुनवाई केंद्र का निरीक्षण किया। न्यू सांगानेर रोड़ पर हाऊसिंग बोर्ड के कार्यालय में स्थित जनसुनवाई केंद्र की व्यवस्थाओ का सीमए ने जायजा लिया। इस दौरान सीएम शर्मा ने आम जन की समस्या सुनवाई को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान चंद्र प्रकाश शर्मा, मुकेश लख्यानी सहित कई भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने वरिष्ठ नेताओं को सौंपी जिम्मेदारी...

# लोस आम चुनाव की तैयारी, 25 सीटों पर को-ऑर्डिनेटर नियुक्त

**बेधड़क | जयपुर**

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किए हैं। कांग्रेस ने 25 लोकसभा सीट पर कॉर्डिनेटर को दायित्व सौंपा है।

पार्टी ने 5 विधायकों, 9 हारे हुए विधायकों, 3 महिला नेताओं को जिम्मेदारी दी है। वहीं 5 बोर्ड और आयोग में चेयरमैन रहे नेताओं को भी कॉर्डिनेटर बनाया गया है। कोर्डिनेटर में पूर्व मंत्री महेश जोशी, ममता भूपेश, शकुंतला रावत, मुरारीलाल मीणा, प्रमोद जैन भाया का नाम शामिल है। वहीं एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक चौधरी को भी बाड़मेर लोकसभा सीट की जिम्मेदारी दी गई है।

### पूर्व मंत्री महेश जोशी, ममता भूपेश, शकुंतला रावत सहित कई नेता शामिल



| लोकसभा सीट | कोऑर्डिनेटर |
|---|---|
| गंगानगर एससी | दिनेश कस्वा |
| बीकानेर एससी | पूसाराम गोदारा |
| चूरू | हाकम अली |
| झुंझुनू | खानू खान |
| सीकर | महेंद्र गहलोत |
| जयपुर ग्रामीण | हरसहाय यादव |
| जयपुर | रोहित बोहरा |
| अलवर | धर्मेंद्र राठोड |
| भरतपुर | महेश जोशी |
| करौली-धौलपुर | ममता भूपेश |
| दौसा | प्रशांत बैरवा |
| टोंक सवाई माधोपुर | महेश शर्मा |
| अजमेर | सुदर्शन सिंह रावत |
| नागौर | गजेंद्र सांखला |
| पाली | संगीता बेनीवाल |
| जोधपुर | महेंद्र चौधरी |
| बाड़मेर | अभिषेक चौधरी |
| जालोर | अंजना पटेल |
| उदयपुर | रामलाल मीणा |
| बांसवाड़ा | महेंद्रजीत मालवीय |
| राजसमंद | शकुंतला रावत |
| चित्तौरगढ़ | शकुंतला रावत |
| भीलवाड़ा | राजकुमार शर्मा |
| कोटा | मुरारीलाल मीणा |
| झालावाड़-बारां | प्रमोद जैन भाया |

## दगा करने वाले पार्टी के योग्य नहीं: निनामा

■ पार्टी को काम करने वालों का आकलन करने की जरूरत

**बांसवाड़ा।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से रविवार को आयोजित नवनिर्वाचित विधायक सम्मान समारोह में घाटोल से चुने गए नानालाल निनामा का दर्द छलक उठा। प्रदेश व जिले के पदाधिकारियों की मौजूदगी में खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में उन्होंने फूल और बाप वाली कांग्रेस से लड़कर जीत हासिल की है।

कुछ लोग पार्टी नेताओं के साथ फोटो खींच कर अपनी दुकान चला रहे हैं। दगा करने वाले पार्टी के योग्य नहीं है। निनामा ने विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीया की मौजूदगी में कहा कि हमारे लोगों को चुनाव गंभीरता से लेने की जरूरत है। जो काम करें, उसे आगे बढ़ाएं। आज सरपंच का चुनाव लड़ना भी अपनों ने ही मुश्किल कर दिया है। कांग्रेस को काम करने वालों का आकलन करने की जरूरत है।

### लोकसभा चुनाव तक खुल जाएगी BJP की पोल

समारोह में विधायक मालवीया ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की 70 सीट कम नहीं है। 15 सीटों पर जीत का अंतर पांच हजार से कम रहा। इससे साफ है कि जनता ने कांग्रेस सरकार की योजनाओं को खारिज नहीं किया। लोकसभा चुनाव के लिए वोटों की संख्या बढ़ानी होगी। लोकसभा चुनाव तक भाजपा की पोल खुल जाएगी। उन्होंने भाजपा सरकार पर योजनाओं को बंद करने व नाम बदलने के भी आरोप लगाए।

## खबरों में बेधड़क खबर

# लॉयन ने कस्टडी से छुड़वाया था गैंगस्टर को

**बेधड़क | जयपुर**



राजधानी में गैंगवार को लेकर सरकार ने सख्ती करना भलें ही शुरू कर दिया है, लेकिन खाकी के कुछ बड़े अफसर गैंगस्टरों पर मेहरबान हैं। राजधानी में रहे एक लॉयन ने काफी प्रयासों से पकड़ में आए नामचीन गैंगस्टर को पुलिस की कस्टडी से छुड़वाकर फरार करा दिया।

साहब की कार्यशैली से नाराज होकर एक गामा साहब ने लालकोठी वाली सात मंजिला बिल्डिंग में लॉयन की शिकायत की थी। जिम्मेदार अफसर शिकायत में गैंगस्टर व लॉयन का नाम देखकर आश्चर्य में पड़ गए। अब शिकायत की जांच करने की कोई जहमत तक नहीं उठा रहा है। मामला खाकी में पिछले दिनों हुई गैंगवार की घटना के बाद काफी चर्चा में है।

### ब्रेवो की जमीन की जांच में धांधली



राजधानी में तैनात एक ब्रेवो साहब ने अपने अधीनस्थों को फंसाने के लिए जांच में ही धांधली कर दी। मामला जमीन का है। विवादित जमीन के पास वाली जमीन में साहब के परिचितों की हिस्सेदारी है। ऐसे में साहब ने जान बूझकर मनमाने साक्ष्य तैयार कर लिए और योजना के तहत कार्रवाई कराने के लिए उच्च अधिकारियों को बरगलाने में लगे हैं। चर्चा है कि साहब मनगढ़ंत क्राइम सीन बनाने में काफी माहिर है। साहब अधीनस्थों पर दबाव बनाकर परिचितों को तबादले से पहले फायदा पहुंचाने की रणनीति फेल होने के डर से दलालों के मार्फत प्रचार-प्रसार करवा रहे हैं।

### दिल्ली के फैसले से 3 अफसरों की उम्मीद फेल




प्रदेश को नया विक्टर मिल गया, लेकिन दिल्ली से आए अचानक फैसले के बाद लालकोठी वाली बिल्डिंग में ऊपर-नीचे वाली मंजिल में बैठने वाले तीन अफसरों की उम्मीद पर पानी फिर गया। इनमें से दो अफसर अब झालाना वाली बिल्डिंग में पोस्टिंग लेने के लिए दिल्ली से राजधानी के बाइस गोदाम स्थित एक ऑफिस में जुगाड़ लगाना शुरू कर दिया, लेकिन चर्चा है कि दोनों साहब कितना ही प्रयास कर ले, उनका रिटायरमेंट लालकोठी से ही होगा।

### नामचीन पार्क के पास थड़ी पर मंथली तय




राजधानी के मध्यम मार्ग स्थित एक नामचीन पार्क के पास चाय की थड़ी पर खाकी की मंथली तय होती है। चर्चा है कि थड़ी पर अवैध काम करने वाले लोग आते हैं और खाकी के विशेष महारथियों के साथ मीटिंग करते हैं। मीटिंग में मंथली का मोलभाव तय होता है। मीटिंग करने वाले विशेष महारथी बरसों से एक ही जगह जमे हैं। एमआई रोड वाले ऑफिस में बैठने वाले खाकी के बड़े अफसरों के पास इन विशेष की पूरी कुंडली है, लेकिन साहब लोगों ने इन महारथियों को स्वतंत्र प्रभार दे रखा है। इसको लेकर खाकी में जिम्मेदार अफसरों व विशेष महारथियों के गठजोड़ को लेकर कई मायने निकाले जा रहे हैं।

■ **ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता**

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के नववर्ष सम्मेलन में की शिरकत

# संयुक्त प्रयास से बनाए स्वस्थ भारत: देवनानी

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि सभी मिलजुल कर संयुक्त प्रयास से स्वस्थ भारत की रचना करें। उन्होंने कहा कि शरीर, मन, मस्तिष्क स्वस्थ रहेंगे तब ही राष्ट्र की उन्नति होगी।



उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र को स्वस्थ बनाने के लिए आवश्यक योग, यज्ञ और संतुलित आहार को आचरण में लाए। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी रविवार को यहां राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में आयोजित यज्ञ, योग एवं युक्ताहार नव वर्ष सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। समारोह राजस्थान स्वास्थ्य योग परिषद् द्वारा आयोजित किया गया। इस दौरान योग के प्रति जागरूकता लाने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया। देवनानी ने बताया कि भारत विश्व गुरु है। भारत की परंपराएं समृद्ध और वैज्ञानिक दृष्टि से सही हैं। उन्होंने कहा की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक दृष्टि से राष्ट्र समृद्ध है। हम सभी लोगों को निरोगी राष्ट्र बनाने के लिए योग, यज्ञ और संतुलित आहार को अपनाना होगा। योग स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है और इसे जीवन का अंग बनाने कि आवश्यकता है। भारत का जीवन आदर्श है। इसलिए इस मशीनी युग में बदलती जीवन शैली के लिए योग की आवश्यकता बढ़ गई है। कार्यक्रम में परिषद के कार्यकर्ताओं ने योग प्रदर्शन किया। इस अवसर पर रामरतन देवाचार्य और राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति संजीव शर्मा भी मौजूद रहे।

## दिलवार ने की कांग्रेस नेताओ से मुलाकात

**बेधड़क, जयपुर।** कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने रविवार को राजनीति की अच्छी पहल करते हुए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा से मुलाकात की। इसके बाद दिलावर ने पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास से भी मुलाकात की। इस दौरान विधायक गोपाल शर्मा भी मौजूद रहें। सियासी जानकारो ने इस एक अच्छी पहल और परंपरा बताई। गौरतलब हैं कि सीएम भजन लाल शर्मा ने भी पूर्व सीए गहलोत से मुलाकत की थी।

## भाजयुमो कार्यकर्ताओं की बैठक

# केंद्र की योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने में कर्णधार बनेंगे युवा: जोशी

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश भाजपा कार्यालय में रविवार को विकसित भारत एंबेसडर कार्यशाला में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार अब विकसित भारत यात्रा के ब्रांड एंबेसडर करेंगे। इसे लेकर पूरे देश में युवाओं को यात्रा का एंबेसडर बनाया जा रहा है।

प्रदेश में इसकी शुरुआत युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं से की गई है। बैठक में भाजयुमो के कार्यकर्ताओ को नमो ऐप के जरिए विकसित भारत यात्रा का एंबेसडर बनाया गया। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता प्रदेश के अन्य युवाओं को इस ऐप के जरिए एंबेसडर बनाएंगे और केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करेंगे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में युवाओं को आह्वान करते हुए कहा था कि युवा विकसित भारत एंबेसडर बन केंद्र सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने और विकसित भारत बनाने में कर्णधार सिद्ध होंगे।

### नमो ऐप के जरिए विकसित भारत यात्रा के बनाए ब्रांड एंबेसडर



### जन-जन तक पहुंचाएंगे योजनाओं का लाभ


भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने कहा कि युवा अपने मोबाइल में नमो ऐप डाउनलोड कर विकसित भारत एंबेसडर बन सकते हैं। इसके जरिए केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हर युवा बेहतरीन कार्य कर सकता है। विकसित भारत यात्रा के जरिए केंद्र सरकार हर वर्ग के जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ देने के लिए तत्पर है। इन जरूरतमंदों तक यह संदेश पहुंचाने का कार्य विकसित भारत एंबेसडर बनकर किया जा सकता है।

### पीएम मोदी से मिलने का मिलेगा मौका

एंबेसडर बने युवाओं में से चुनिंदा युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का मौका मिलेगा। प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने बताया कि ऐप में 100 दिन का चैलेंज भी होगा, वहीं हर काम के लिए पॉइंट मिलेंगे। योजनाओं के प्रचार-प्रसार से लेकर नए युवाओं को एंबेसडर बनाने पर भी पॉइंट जुड़ते जाएंगे। पूरे देश में जो युवा 100 दिन का चैलेंज पूरा करेंगे और जिन युवाओं के नमो ऐप पर ज्यादा पॉइंट होंगे, उनको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिलने का मौका भी मिलेगा।

### कार्यशाला में ये रहे मौजूद


कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण सिंह बगड़ी, भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची, शहर अध्यक्ष सुरेन्द्र पुरुवंशी, आईटी विभाग के सहसंयोजक नरेंद्र कटारा, जयपुर जिला प्रभारी नरेश बंसल सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।




वक्ताओं ने राम पर की बात, रामायण और रामचरितमानस से जुड़े प्रसंग सुनाए

# लंदन के नेहरू सेंटर में 'सबके राम' और 'कहकशां' का विमोचन







**बेधड़क ब्यूरो** | लंदन

लंदन के नेहरू सेंटर में आयोजित एक समारोह में डॉ. माहे तिलत सिद्दीकी की 'सबके राम' और डॉ. ज्ञानप्रकाश शर्मा की लिखी 'कहकशां' पुस्तक लॉन्च की गईं। इस मौके पर मौजूद वक्ताओं ने प्रभु श्रीराम के संबंध में हुई चर्चा में काफी रुचि दिखाई। इस संबंध में सबने अपने अनुभव भी एक-दूसरे को शेयर किए। सबने अपने-अपने अध्ययन के आधार पर रामायण और रामचरितमानस से जुड़े प्रसंग भी सुनाए।

## जरूरी खबर

### घर के बाहर खड़ी कार में लगाई आग



**जयपुर।** करधनी थाना इलाके में देर रात कुछ लोगों ने एक कार को आग के हवाले कर दिया। कार में आग लगने की सूचना मिलने पर पीड़ित ने दमकल और पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस ने आसपास लगे हुए सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू किया, लेकिन अभी तक पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ कार में आग लगाने का मामला दर्ज किया है।
पीड़ित बालकिशन शर्मा ने बताया कि वह टैक्सी कार चलाकर अपने बच्चे पालता है। शनिवार रात करीब साढ़े 11 बजे वह कार लेकर अपने घर पर पहुंचा। रात करीब डेढ़ बजे जानकारी मिली की कार में आग लगा दी गई है। इस पर पीड़ित ने पुलिस और दमकल को जानकारी दी। मौके पर पहुंची दमकल और पुलिस ने लोगों की मदद से आग को कंट्रोल किया। पीड़ित ने अज्ञात लोगों के खिलाफ कार में आग लगाने की शिकायत दर्ज कराई है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

बिना गड़बड़ संपन्न हुआ आरपीएससी का सामान्य ज्ञान EXAM

# नई सरकार पहली परीक्षा में 'पास' जाम से बिगड़ा स्टूडेंट्स का 'गणित'

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से रविवार को सहायक आचार्य, पुस्तकालय अध्यक्ष, शारीरिक अनुदेशक परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण रहा। भजनलाल सरकार में आरपीएससी की यह पहली परीक्षा रही। लिहाजा परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और जांच के कड़े इंतजाम देखे गए। उधर, ट्रैफिक कई परीक्षार्थियों के लिए परेशानी बन गया। जाम में फंसने से कई अभ्यर्थी लेट हो गए और परीक्षा नहीं दे पाए।

राजस्थान का सामान्य ज्ञान प्रश्न पत्र विशेष इस परीक्षा में कुल 1 लाख 97 हजार 766 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 98 हजार 601 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा में 49.86 अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही। प्रदेश के 7 जिलों में कुल 603 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को सहायक आचार्य, पुस्तकालय अध्यक्ष, शारीरिक अनुदेशक परीक्षा 2023 का आयोजन दोहपर 12 से 2 बजे के बीच हुआ। आरपीएससी को परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली है।



### इंटरनेट सेवा रहीं बंद

प्रदेश की पूर्व कांग्रेस सरकार के समय नेटबंदी को लेकर मुखर रही भाजपा सरकार में आते ही पहली ही परीक्षा में नेट बंदी कर दिया। प्रदेश के संभाग स्तर में जयपुर सहित अजमेर, भरतपुर, जोधपुर, कोटा, बीकानेर और उदयपुर जिला मुख्यालय पर परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा के दौरान जयपुर, अजमेर और कोटा, जोधपुर, भरतपुर, बीकानेर, जिले में 3 घंटे इंटरनेट बंद करने का आदेश जारी किया गया। जयपुर में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) वाले एरिया को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में सुबह 11 से 2 बजे तक नेटबंदी की गई है। इससे पहले भी प्रतियोगी परीक्षा होने पर इंटरनेट बंद किया जाता रहा है। इससे सब्जी, दूध, फल-सब्जी तक का डिजिटल पेमेंट करने में खासी दिक्कत हुई।

### जयपुर में 56.67 % उपस्थिति

जयपुर शहर के 180 केन्द्रों पर दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक हुई परीक्षा में 56.67% से अधिक अभ्यर्थियों ने किस्मत आजमाई। जयपुर में कुल पंजीकृत 64 हजार 161 अभ्यर्थियों में से 36 हजार 362 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार जताया।

### गहन सुरक्षा जांच के बाद ही मिला केंद्र में प्रवेश

प्रदेश में पेपर लीक के मामलो को लेकर परीक्षा में अभ्यर्थियों का गहन जाच पड़ताल के बाद ही प्रवेश दिया गया। प्रवेश पत्र और मूल फोटो युक्त दस्तावेज के मिलान के बाद फ्रिस्किंग जांच के दायरे से अभ्यर्थियों को गुजारना पड़ा। परीक्षा केंद्र में वीक्षक भी किसी तरह की घड़ी और मोबाइल फोन परीक्षा केंद्र के भीतर नहीं ले जा पाए। सुरक्षा के मद्देनजर हर परीक्षा केंद्र पर पुलिस के जवान तैनात रहे। वहीं, पुलिस की टीमें परीक्षा केंद्र के आसपास के क्षेत्र में निगरानी रखे हुए थी। सुरक्षा और गोपनीयता के लिहाज से परीक्षा कक्ष में प्रत्येक अभ्यर्थियों की वीडियोग्राफी की गई। परीक्षा के निर्धारित समय से 1 घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर नहीं पहुंच पाए। कई अभ्यर्थी परीक्षा से वंचित रह गए। बाद में उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया गया।

आदर्श नगर जोन के शिविर में बोले मीणा

# 10 साल पहले हमले होते थे, अब आतंकी होते हैं ढेर



**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री मोती लाल मीणा ने रविवार को कहा कि दस साल पहले पाकिस्तान व अन्य देशों से घुसपैठ कर आए आंतकवादी देश में बम विस्फोटों से हमले करते थे और देश में दंगे आम थे, लेकिन अब सुरक्षा बलों द्वारा आतंकियों को मार गिराने के समाचार आए दिन आते हैं। जम्मू-कश्मीर सहित सभी प्रांतों में देश में दंगों में कमी आई है।

महामंत्री मीणा हेरिटेज निगम की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गीता भवन में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में शिविरों में आमजन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने स्वीकार किया था कि वे योजनाओं के तहत आम जन के उत्थान के लिए अगर एक रुपया भेजते हैं तो उसमें से 15 पैसे अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को लाभ के रूप में मिलता है। अब मोदी ने सब नागरिकों के खाते खुलवाकर उनके खाते में सीधे लाभ पहुंचाना शुरू किया है।

वहीं, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ राजस्थान के प्रदेश संयोजक रवि नैयर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन-जन के दर पर योजनाओं का लाभ पहुंचाने की मुहिम शुरू की है, उसमें हमें भी योगदान देना है। इस दौरान दोनों ने लाभाथ्रियों से संवाद किया और 2047 तक विकसित और समृद्ध भारत बनाने की शपथ दिलाई।

महिला-पुरुष और बुजुर्गों ने दी आहुतियां

# पार्क की NOC के लिए यज्ञ

**बेधड़क** | जयपुर

मालवीय नगर सेक्टर 9 की गली नंबर 7 में स्थित 40 साल पुराने पार्क की एनओसी नहीं देने के मामले में स्थानीय लोगों ने सदबुद्धि यज्ञ किया। बोर्ड कर्मचारियों के रवैये से नाराज कॉलोनी के सभी लोगों ने आकर यज्ञ में आहूति दी और बोर्ड कर्मचारियों को सदबुद्धि देने की कामना की। इसके साथ ही लोगों ने बोर्ड प्रशासन से जल्द से जल्द पार्क के लिए एनओसी जारी करने की भी मांग रखी। मालवीय नगर विकास महासमिति के बैनर तले स्थानीय निवासियों ने यज्ञ पार्क के लिए आरक्षित जमीन पर ही किया। इसमें मालवीय नगर



विकास महासमिति के अध्यक्ष आरबी अग्रवाल समेत तमाम पदाधिकारी और कॉलोनी के सभी महिला-पुरुष और बुजुर्ग मौजूद रहे। आरबी अग्रवाल ने बताया कि ये जमीन पिछले 40 सालों से पार्क के लिए आरक्षित है, लेकिन बोर्ड प्रशासन ने कुछ साल पहले इस जमीन का भू-उपयोग परिवर्तन करके इसे कॉमर्शियल उपयोग का कर दिया। अब बोर्ड प्रशासन रेवेन्यू जुटाने के लिए इसे नीलाम करने की तैयारी कर रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस पार्क के निर्माण के लिए स्थानीय विधायक कालीचरण सर्राफ ने अपने कोष से 6 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं।

108 फीट लंबी है धूप, जो राम मंदिर में 45 दिन जलेगी

# अगरबत्ती रथ पर जयपुर में बरसाए फूल

**बेधड़क** | जयपुर

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में 108 फीट लंबी और 3.5 फीट चौड़ी अगरबत्ती जलाई जाएगी। यह अगरबत्ती गुजरात में बनाई गई है, जो 45 दिन तक जलती रहेगी। इस अगरबत्ती को लेकर अयोध्या जा रहा रथ रविवार को जयपुर पहुंचा।

जयपुर के 52 फीट हनुमान मंदिर के पास इस रथ को रोका गया, जहां स्थानीय लोगों ने रथ का भव्य स्वागत किया। लोगों ने रथ पर पुष्प बरसाए और जय सियाराम के जयकारों के साथ रथ में भगवान के दर्शन किए। इस रथ के चारों तरफ श्री राम से जुड़े






प्रसंगों की झांकियां सजी हैं। इस दौरान अयोध्या कार सेवकों का भी अभिनंदन किया गया। यहां पर महिलाओं ने भगवान की भक्ति में लीन होकर नृत्य किया। गुजरात के वड़ोदरा निवासी विहिप कार्यकर्ता विहाभाई करशन भाई भरवाड़ा ने बताया कि इस अगरबत्ती को बनाने करीब 8 महीने लगे। इसका वजन 3428 किलोग्राम है। लागत करीब 5 लाख रुपए बताई जा रही है। अगरबत्ती रथ के साथ 125 से अधिक भक्त हरिनाम कीर्तन करते हुए चल रहे हैं।

अतिक्रमण पर महापौर सख्त

# 24 घंटे में बिल्डिंगों की रिपोर्ट दें, अगर अवैध निकले तो तोड़ दें

- मुनेश गुर्जर ने आमेर की ठाठर योजना का किया औचक निरीक्षण
- आवासीय योजना में कॉमर्शियल निर्माण देख भड़कीं, बताया बड़ी लापरवाही
- निवासी नागरिकों के कागजातों की प्रतियां निगम में लाकर परीक्षण के निर्देश

**बेधड़क** | जयपुर

आमेर स्थित निगम की ठाठर आवासीय योजना में चार कॉमर्शियल भवन बने देखकर हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर भड़क गईं। उन्होंने मौके पर ही हवामहल जोन उपायुक्त संजू पारीक और उपायुक्त सतर्कता सुरेश महरानियां को बुलाया और लताड़ पिलाई।

महापौर ने अधिकारियों से 24 घंटे में स्टेट्स रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए और कहा कि अगर कागजात फर्जी हैं तो निरस्त करें ओर निर्माण अवैध पाये जाते हैं तो उन्हें अतिशीध्र ध्वस्त करें।

गौरतलब है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की ओर अग्रसर हेरिटेज निगम महापौर



इन दिनों लगातार एक्शन में हैं। पिछले दिनों से लगातार उनके निर्देश पर अतिक्रमियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में महापौर मुनेश गुर्जर रविवार को आमेर स्थित निगम की ठाठर आवासीय योजना का औचक निरीक्षण करने पहुंची थीं। महापौर ने करीब डेढ घंटे तक ठाठर योजना की निरीक्षण किया। इसी दौरान ये चारों भवन उनकी नजर में आए।

> निगम की आवासीय योजना ठाठर के बारे में लगातार शिकायत मिल रही थी, जिस पर मैं खुद मौका देखने गई थी। आवासीय योजना में कॉमशियल निर्माण होना बड़ी लापरवाही है। मौके पर कागजों में नियम फॉलों नहीं किए गए थे। सोमवार को दस्तावेज की जांच की जाएगी। लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ एक्शन होगा।
>
> **मुनेश गुर्जर,**
> महापौर हेरिटेज निगम, जयपुर

### नागरिकों से मकान के दस्तावेज मंगाए

महापौर मुनेश गुर्जर ने निरीक्षण के दौरान पाया कि योजना की जमीन पर चार आवास बन चुके हैं, जिनमें एक आवास में धागे की फैक्ट्री चल रही है। वहीं, एक भूखंड पर पटाखों का गोदाम बना रखा था। इस पर उन्होंने इन आवासों में रहने वालों से मौके पर ही मूल दस्तावेज मंगवाए और अधिकारियों से दस्तावेजों की जांच कराई। साथ ही वहां रह रहे नागरिकों के कागजातों की प्रतियां निगम मुख्यालय में लाकर परीक्षण करने के निर्देश दिए।

### कागज फर्जी हुए तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई

उन्होंने उपायुक्त संजू पारीक और उपायुक्त सतर्कता एसके महरानियां को निर्देश दिए कि वे तुरंत पता लगाएं कि इस आवासीय योजना पर बने चारों आवास नियमानुसार बने हैं या अवैध हैं। अगर कागजात फर्जी हैं और कोई हेरफेर की गई है तो यह प्रकरण बहुत गंभीर है। अनियमितता पाई गई तो संबधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान महापौर के साथ पार्षद अंजली ब्रह्मभट्ट, अविनाश सैनी, उपनिदेशक जनसपर्क मोती लाल वर्मा, निरीक्षक सतर्कता मोहन मीणा, नवनीत कुमार और महापौर के विशेषाधिकारी उम्मेद सिंह मौजूद रहे।

## जरूरी खबर

### हाईवे पर दौड़ती ऑडी कार बनी आग का गोला



**सीकर।** सीकर के गोकुलपुरा इलाके में नेशनल हाईवे संख्या-52 पर रामू का बास तिराहे पर चलती ऑडी कार में अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि कार सवार 2 लोग समय रहते नीचे उतर गए। प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट होने से गाड़ी में आग लगी है। गोकुलपुरा पुलिस के हेड कांस्टेबल ने बताया कि गाड़ी मालिक गाजियाबाद निवासी योगेंद्रसिंह रिश्तेदार संदीप के साथ सालासर बालाजी के दर्शन करने जा रहे थे। इसी बीच अचानक कार से धुआं उठने लगा तो दोनों सवार बाहर निकल गए। कुछ देर में ही कार आग का गोला बन गई।

### बेटे को खाना देने जा रही मां को बस ने कुचला, मौत

**भीलवाड़ा।** शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र में निजी बस ने महिला को कुचल दिया। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सुभाष नगर थाना प्रभारी जय सुल्तान सिंह ने बताया कि प्राइवेट बस स्टैंड के पास रविवार को भीलवाड़ा शहर के महिला आश्रम के निकट रहने वाली महिला नंदू देवी माली अस्पताल में भर्ती अपने बेटे को खाना देने जा रही थी। इसी दौरान नंदू देवी को एक मिनी बस ने कुचल दिया, जिसमें उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

### हौसला: एम्बुलेंस में परीक्षा देने सेंटर पर पहुंचा युवक



**बीकानेर।** हौसला और जज्बा अगर हो तो कोई भी मुसीबत बाधा नहीं बन सकती। शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती युवक में सरकारी नौकरी का इतना जुनून था कि वह कूल्हे की हड्डी के ऑपरेशन के बावजूद आरपीएससी की ओर से आयोजित सहायक आचार्य की परीक्षा देने केंद्र पर पहुंच गया। व्यास कॉलोनी निवासी गौरीशंकर का 29 दिसंबर को एक्सीडेंट हो गया था। हड्डी टूटने से वह खड़ा भी नहीं हो पा रहा था इस सबके बावजूद युवक के हौसलों के आगे सब पस्त हो गए। शहीद मेजर जेम्स थामस राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के परीक्षा केंद्र में अलग कमरे में गौरीशंकर की परीक्षा कराई गई।

**अपराधियों में सुधार का प्रयास:** जेल स्थापना के बाद से पहली बार अनूठा आयोजन, कलश यात्रा के साथ कथा प्रारंभ

# जेल में गूंजे श्रीमद् भागवत के श्लोक, कैदी हुए लाभान्वित

**बेधड़क** | जोधपुर

जिले की सेंटर जेल रविवार को भगवान के जयकारों से गूंज उठी। जेल स्थापना के बाद से पहली बार यहां श्रीमदभागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को कलश यात्रा, पोथी पूजन के बाद कथा प्रारंभ हुई तो श्रीमद् भागवत के श्लोकों से समूचा परिसर गूंज उठा।

कैदियों को अपराध की दुनिया से दूर रहकर नया जीवन जीने की प्रेरणा देने के उददेश्य से जेल प्रशासन की ओर से यह पहल की गई है। इसके तहत आम दिनों में अपराध जगत की चर्चाओं के बीच



जेल का माहौल भक्तिमय नजर आया। इस कथा आयोजन को लेकर जेल प्रशासन कई दिनों से तैयारियों में जुटा हुआ था। कथा की शुरूआत से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। इसमें जेल प्रशासन परिवार के अलावा जेल की महिला कैदियों ने भी हिस्सा लिया। सिर पर मंगल कलश धारण करके जेल परिसर में बने मंदिर से कलश यात्रा कथा स्थल तक पहुंची।

कलश यात्रा जेल बैंड की मधुर भक्ति धुन के साथ भगवान के जयकारों के बीच कथा स्थल पहुंची। जेल विभाग की अलग-अलग टीमों ने कैदियों को कथा स्थल तक लाने में मदद की। इससे पूर्व कलश व पोथी यात्रा की शुरूआत में जेल अधीक्षक राजपाल सिंह व महेश शर्मा सहित जेल परिवार के सदस्यों ने ठाकुरजी की पूजा की।

### जेल अधीक्षक सिर पर लेकर चले भागवत शास्त्र

भागवत कथा की की शोभायात्रा जब कथा स्थल तक पहुंची तो भागवत जी की पोथी लेकर आए जेल अधीक्षक और जेल परिवार के सदस्यों के चरण धुलवाए गए। इसके बाद कथा स्थल में प्रवेश हुआ। यहां पर वृंद्धावन से आए पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ व्यास पीठ का पूजन करवाया। बाद में विधिवत्त रूप से भागवत कथा शुरू हुई। इस दौरान राधा रानी और भगवान कृष्ण के जयकारों से सभागार गूंज उठा। जेल अधीक्षक राजपाल सिंह ने बताया कि जेल में बंद कैदियों के जीवन में सुधार लाने और सजा पूरी कर जब वो समाज के बीच जाएं तो वे मुख्य धारा से जुड़ सकें। उनके जीवन में बदलाव आए। इस उद्देश्य से जेल में पहली बार श्रीमद् भागवत कथा करवाई जा रही है।

### कैदियों के लिए धार्मिक प्रतियोगिता भी होगी

जेल में कथा के साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी होगी। इसमें कथा से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। इनका सही जवाब देने वाले कैदी को उसकी नित्य जरूरत की चीजें दी जाएगी। वहीं नियमित कथा में बैठने वाले कैदी को भी पुरस्कार दिया जाएगा। कथा सुनने के दौरान कई कैदी भाव-विभोर हो गए। खासतौर पर बुजुर्ग कैदियों ने कथा के बीच में भगवान के जयकारे भी लगाए। पहले दिन व्यासपीठ से मथुरा के जुगल किशोर शास्त्री महाराज ने श्रीमद् भागवत का महात्म्य सुनाया। इस दौरान महाराज ने जीवन में भगवान के नाम का उच्चारण करने और गलतियों को नहीं दोहराने की बात कही।

**पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह और अन्य** जाट नेताओं ने सभा में भरी हुंकार

# 10 दिन का अल्टीमेटम: आरक्षण नहीं दिया तो पटरियां करेंगे जाम

**बेधड़क** | भरतपुर

केंद्र में भरतपुर और धौलपुर के के जाटों को आरक्षण देने की मांग को लेकर रविवार को डीग के जनूथर कस्बे में भूतेश्वर मंदिर मैदान में हुंकार सभा का आयोजन किया गया। इसमें समाज के लोग अब अपनी मांग को लेकर आर-पार की लड़ाई के मूड में दिखे।

सभा में भरतपुर-धौलपुर जाट आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेम सिंह फौजदार ने केंद्र सरकार को 10 दिन का समय देते हुए कहा कि भरतपुर-धौलपुर के जाटों को आरक्षण नहीं दिया तो 17 जनवरी को भरतपुर के जयचोली गांव के पास दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक पर महापड़ाव डाला जाएगा। अगर सरकार नहीं मानी तो दूसरा पड़ाव बेडम गांव और तीसरा पड़ाव रारह में होगा।

फौजदार ने कहा कि पहले रेल रोकेंगे और इसके बाद रोड जाम किया जाएगा। वहीं संघर्ष समिति के संरक्षक और पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने हुंकार सभा में कहा कि इस आंदोलन के लिए लड़ेंगे। महाराजा सूरजमल और महाराजा जवाहर सिंह ने दिल्ली-आगरा को फतेह किया था। उन्होंने सभी जातियों को जागृत किया था। जाट



### आरक्षण के लिए पीएम को लिखा पत्र: बनावत

बयाना विधायक ऋतु बनावत ने कहा कि दोपहर 12 बजे जाट हुंकार सभा में पहुंचीं। उन्होंने कहा कि मैंने भरतपुर-धौलपुर जाट समाज के केंद्र में आरक्षण के लिए प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने समाजबंधुओं से कहा कि विधानसभा में इस मांग को पूरजोर तरीके से उठाया जाएगा। मेरी लगातार कोशिश रहेगी कि भरतपुर-धौलपुर जाट समाज को केंद्र में आरक्षण मिले। उन्होंने कहा कि राजस्थान के बाकी हिस्से के जाटों को केंद्र की नौकरियों में आरक्षण मिलता है। सिर्फ भौगोलिक आधार पर भरतपुर-धौलपुर के जाटों को आरक्षण से वंचित रखा गया है, यह गलत है। इन दोनों जिलों के जाट समृद्ध नहीं हैं। यहां सिंचाई के साधन भी अच्छे नहीं हैं।

सभी को साथ लेकर चलते हैं। जाट आरक्षण का भी सभी समर्थन कर रहे हैं।

बयाना विधायक ऋतु बनावत ने समर्थन दिया, उनका धन्यवाद। पूर्व मंत्री ने कहा कि केंद्र में भरतपुर-धौलपुर के जाटों को आरक्षण जरूर मिलेगा। प्रदेश में 16 लोकसभा सीटों पर जाटों का असर है। बीजेपी के लिए भरतपुर-धौलपुर जिले बहुत जरूरी हैं। आप संकल्प लीजिए- आरक्षण नहीं तो लोकसभा चुनाव में बीजेपी को वोट नहीं देंगे।

### केन्द्र में भाजपा सरकार बनने के बाद आरक्षण पर लगाया ब्रेक

भरतपुर और धौलपुर जिले के जाटों को केंद्र में आरक्षण दिए जाने की मांग 1998 से चली आ रही है। 2013 में केंद्र की मनमोहन सरकार ने भरतपुर और धौलपुर जिलों के साथ अन्य 9 राज्यों के जाटों को केंद्र में ओबीसी का आरक्षण दिया था। 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तो सुप्रीम कोर्ट का सहारा लेकर 10 अगस्त 2015 को भरतपुर-धौलपुर के जाटों का केंद्र और राज्य में ओबीसी आरक्षण खत्म कर दिया गया। लंबी लड़ाई लड़ने के बाद 23 अगस्त 2017 को पूर्ववर्ती वसुंधरा राजे सरकार ने दोनों जिलों के जाटों को ओबीसी में आरक्षण दिया गया, लेकिन केंद्र ने यह आरक्षण नहीं दिया।

### पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी कर चुके हैं केंद्र से सिफारिश

संघर्ष समिति के संयोजक नेम सिंह फौजदार ने बताया कि सितंबर 2021 में जब जाट समाज ने चक्काजाम का ऐलान किया था। तब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 28 दिसंबर 2021 को दोनों जिलों के जाटों को केंद्र की ओबीसी में आरक्षण देने के लिए केंद्र सरकार को सिफारिश पत्र लिखा था। इसके बाद हम लोग दिल्ली ओबीसी कमीशन में भी मिले और केंद्र सरकार के मंत्रियों से भी मुलाकात की। अभी तक दोनों जिलों के जाटों को केंद्र में आरक्षण नहीं दिया गया। अब राजस्थान में बीजेपी की सरकार बन गई है। केंद्र में भी बीजेपी की सरकार है। सौभाग्य की बात यह है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भरतपुर के रहने वाले हैं। इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि बिना संघर्ष करे जाट समाज को केंद्र में आरक्षण मिल जाएगा।

**हादसे में 13 मजदूर** गंभीर घायल

# टायर फटने से लोडिंग टेंपो हाईवे पर कई बार खाया पलटी, दो की मौत



**बेधड़क** | पाली

जिले में रविवार को भीषण सड़क हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई। वहीं 13 लोग गंभीर घायल हो गए। जानकारी के अनुसार हादसा टैंपों का टायर फटने से हुआ। इसके बाद टैंपो बेकाबू होकर कई पलटी खाते हुए हाईवे किनारे रुक गया।

रोहट थाना सीओ ग्रामीण राजूराम ने बताया कि पाली से रविवार सुबह 15 मजदूरों को लेकर लोडिंग टेंपो ड्राइवर बोलतारा की तरफ जा रहा था। टेंपो के पीछे सीमेंट मिक्सर भी लगा हुआ था। करीब 9.30 बजे जैतपुर थाना क्षेत्र के खुटानी गांव के पास टेंपो का पिछला टायर फट गया। अचानक टायर फटने से तेज रफ्तार टेंपो बेकाबू होकर सड़क पर चार बार पलटी खा गया। इसके चलते टेंपो में सवार मजदूर हवा में उछल कर सड़क पर जा गिरे।

हादसे में पाली शहर के प्रतापनगर निवासी धन्नाराम (36) की मौके पर मौत हो गई। वहीं टेंपो चालक सहित 13 लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही रोहट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान पाली के प्रताप नगर निवासी बीना (40) पत्नी रतनलाल भाट की मौत हो गई।

### हादसे में ये हुए गंभीर घायल...

हादसे में चिमनपुरा गांव निवासी लखन (55) पुत्र पप्पू बंजारा, प्रतापगढ़ (बासंवाड़ा) निवासी विकास (21) पुत्र नारायण, बांसवाड़ा के खराड़ी (धानपुर) निवासी ईश्वर (25) पुत्र हीरालाल, पाली के प्रताप नगर निवासी संपतलाल (24) पुत्र लालाराम बंजारा और बांसवाड़ा जिले के नानका भाटा (महुक्षीवाड़ा) निवासी मुकेश पुत्र नानका भाट गंभीर घायल हो गए। इनके अलावा 8 और घायलों का इलाज जारी है।

**59वीं बारह कोसी परिक्रमा में दिखा** श्रद्धालुओं का हुजूम

# द्वारकाधीश के भक्तों की उमड़ी आस्था

**बेधड़क** | झालावाड़

जिले में श्री द्वारिकाधीश पुष्टि भक्ति सत्संग समिति की ओर से घंटियों के शहर झालरापाटन में रविवार को भगवान द्वारिकाधीश की 59वीं विशाल परिक्रमा में भक्तों की आस्था उमड़ी नजर आई।

पैदल परिक्रमा में झालावाड़ सहित सीमावर्ती मालवा अंचल से हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह से कड़ाके की सर्दी होने के बावजूद भक्तों का सैलाब उमड़ा दिखा। यात्रा के दौरान भक्तजन नाचते गाते भजनों पर झूमते दिखाई दिए। भगवान द्वारिकाधीश की बारह कोसी परिक्रमा यात्रा शहर के कई



चौराहों से गुजरी। सर्व समाज के लोगों ने पदयात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। भगवान द्वारकाधीश की फूलों से सजी झांकी आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। झांकी के आगे भक्तजन नाचते-गाते चल रहे थे। एकादशी के पावन दिन भक्तों ने पहले झालरापाटन स्थित पवित्र नदी चंद्रभागा में स्नान किया। इसके बाद परिक्रमा यात्रा में शामिल हुए।

**BJP के बागी नेता पर मारपीट और** अपशब्द बोलने का आरोप

# मंच से भाषण को लेकर भिड़े नेता, हंगामा

**बेधड़क** | बांसवाड़ा

जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के दौरान भाजपा नेताओं के आपस में भिड़ने से हंगामा खड़ा हो गया। जानकारी के अनुसार भाजपा के बागी नेता खेमराज गरासिया और विधानसभा चुनाव में पार्टी की प्रत्याशी रही कृष्णा कटारा के बीच मंच से संबोधन को लेकर विवाद हो गया।

आरोप है कि इस बीच खेमराज गरासिया ने कटारा के समर्थक को चांटा जड़ दिया और कटारा को अपशब्द कहे। मंच पर भाजपा



नेता हकरू मईड़ा, खेमराज गरासिया और भाजपा प्रत्याशी रही कृष्णा कटारा मौजूद थीं। कटारा ने गरासिया पर अपशब्द कहने और बोतल फेंक कर मारने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। मामला रविवार 3.30 बजे बागीदौरा विधानसभा के आनंदपुरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का है। आनंदपुरी थानाधिकारी कपिल पाटीदार ने बताया कि भाजपा नेता कृष्णा कटारा ने रिपोर्ट दी है।

इसमें बताया है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में मंच से संबोधन के दौरान जयस पार्टी के खेमराज गरासिया ने मुझे अपशब्द कहे और कार्यक्रम से चले जाने को कहा। कटारा ने आरोप लगाया है कि खेमराज के बेटे कुलदीप और उसके साथी अरविन्द ने भी मेरे साथ बदतमीजी की।

### कटारा के ये आरोप

भाजपा नेत्री कृष्णा कटारा ने बताया कि मैं शिविर को संबोधित कर रही थी। इस दौरान किसी के व्यक्तिगत मामले को लेकर यहां बात नहीं करनी, बस इतना बोलते ही खेमराज आक्रोशित हो गए। उन्होंने मुझे अपशब्द कहे और बोतल फेंक कर मारी। वहीं भाजपा नेता हकरू मईड़ा ने कहा कि ऐसा कोई बड़ा विवाद नहीं था। दोनों के बीच बतौर वक्ता संबोधन को लेकर विवाद हुआ था। मैं बीच-बचाव कर रहा था, मुझे भी धक्का लगा।

**बिल पास करने के लिए मांगी रिश्वत**

# सरपंच और दलाल 1.80 लाख की घूस लेते गिरफ्तार

**बेधड़क** | टोंक

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने रिश्वत मामले में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने रविवार को डिग्गी क्षेत्र के सीतारामपुरा के सरपंच प्रदीप शर्मा और दलाल को 1.80 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों ने एक साल पहले पंचायत में करवाए गए विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए सप्लाई की गई सामग्री के करीब साढ़े छत्तीस लाख रुपए का बिल पास करवाने के एवज में रिश्वत की मांग की थी। दोनों आरोपियों को एसीबी टीम ने शाम को मालपुरा पंचायत समिति के सामने रोड पर फरियादी की कार से ही रिश्वत लेने के बाद दबोचा। आरोपी सरपंच और



दलाल के आवास और अन्य ठिकानों पर भी सर्च कार्रवाई शुरू की। एसीबी टोंक के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य ने बताया कि 5 जनवरी को फरियादी ने एसीबी टोंक को शिकायत दी थी। इसमें पीड़त ने बताया था कि उसकी फर्म बालाजी ट्रेडर्स द्वारा ग्राम पंचायत सीतारामपुरा में वर्ष 2022-2023 में मैटीरियल सप्लाई किया था। इसके पेंडिंग बिलों, टीडीएस व जीएसटी के रिफंड बिलों को पास करने तथा पूर्व में पास किए गए साढ़े छत्तीस लाख रुपयों के बिलों के कमिशन के रूप में सरपंच प्रदीप शर्मा ने दो लाख रुपए रिश्वत मांगी। इसको लेकर सरपंच और दलाल रामनरेश सैनी की ओर से परेशान किया जा रहा था।

### एसीबी ने सत्यापन के बाद बिछाया जाल

इस मामले में दोनों पक्ष में 1 लाख 80 हजार में सहमति बनी, लेकिन फरियादी ने सरपंच और दलाल को रंगे हाथों गिरफ्तार करवाने के लिए एसीबी में शिकायत कर दी। एसीबी ने 6 जनवरी को शिकायत का सत्यापन कराया, जिसमें शिकायत सही पाई गई। इसके बाद आरोपियों को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार करने के लिए टीम ने जाल बिछाया। इसके तहत फरियादी को रिश्वत के नोटों पर केमिकल लगाकर सरपंच और दलाल को देने भेजा। फरियादी ने सरपंच को मालपुरा पंचायत समिति के सामने बुला लिया। बाद में सरपंच और दलाल फरियादी की कार के पास पहुंच गए।

### परिवादी ने बातों में उलझाया, इतने में टीम पहुंची

फरियादी से रुपए लेने पहुंचे सरपंच और दलाल को उसने कार में बैठा लिया और रिश्वत की राशि दे दी। उसके बाद फरियादी ने सरपंच और दलाल को बातों में उलझाए रखा और इधर-उधर छुपी एसीबी टीम की ओर कार की खिड़की से हाथ निकाल कर इशारा कर दिया। कुछ ही देर में टीम मौके पर जा धमकी और सरपंच प्रदीप शर्मा निवासी बंबोरी तथा सहयोगी दलाल रामनरेश सैनी निवासी बंबोरी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। टीम दोनों को पुलिस थाना डिग्गी ले जाकर पहुंची, जहां देर शाम तक कार्रवाई चलती रही। कार्रवाई करने वाली टीम में सहायक उप निरीक्षक आसिफ खान, सहायक प्रशासनिक अधिकारी भूपेंद्र कुमार व कांस्टेबल ईश्वर प्रकाश, राजकुमार, अजीत सिंह और जलसिंह शामिल रहे।

# लाखों की ठगी के मामले में होमगार्ड सहित 5 गिरफ्तार

**बेधड़क** | बांसवाड़ा

जिला पुलिस ने बीते दिनों एक व्यक्ति से से चार लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने चार लाख के असली नोट के बदले 12 लाख के जाली नोट दने का झांसा देने के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें दो आरोपी होमगार्ड के जवान हैं।

एसपी अभिजीत सिंह ने बताया कि पुलिस को छोटी सरवन निवासी सुरेंद्र कलाल ने ताजेंग पटेल व उनके साथियों की ओर से असली नोट के बदले तीन गुना नकली नोट का धंधा करने की सूचना दी थी। इसकी सूचना पर प्रार्थी से पुलिस ने संपर्क किया। गत 19 दिसंबर को प्रार्थी सुरेंद्र के साथ सादी ड्रेस में पुलिस की टीम डीकॉय के लिए पहुंची। गैंग से डील के लिए सबसे पहले अगरपुरा बुलाया फिर तुरंत बाद स्थान बदल कर कुंआ थाना क्षेत्र के सेंडोला में डील करना तय हुआ। वहां डील के दौरान डूंगरपुर जिले के होमगार्ड के जवान और अन्य आरोपी पुलिस की वर्दी में हथियार सहित आए। इस दौरान आरोपी पथराव करते हुए प्रार्थी के पास 4 लाख रुपए से भरा असली नोट का बैग लेकर भाग गए। घटना के बाद दानपुर थाने में मामला दर्ज हुआ। आ-सूचना एकत्रित कर वारदात में शामिल डूंगरा निवासी राकेश पटेल सहित 4 आरोपियों को बापदर्ा गिरफ्तार किया। इसमें डूंगरपुर निवासी दो होमगार्ड जवान भी शामिल हैं। पुलिस ने घटना के दौरान उपयोग में ली गई इको वेन भी जब्त कर लिया।

### नए जमाने में बदली युवाओं की कॅरिअर प्राथमिकताएं, ट्रेडिशनल कॅरिअर हुआ बीते जमाने की बात

# क्रिएटिविटी, एक्साइटमेंट और यूनिकनेस का कंप्लीट पैकेज हैं 'न्यू एज कॅरिअर ऑप्शन'

**बेधड़क** | जयपुर

फिल्म 3 ईडियट्स के फरहान को डर था कि उसके अनकन्वेंशनल कॅरिअर 'वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी' के लिए अब्बा नहीं मानेंगे। ये सच भी था। एक समय था जब कॅरिअर की बात आती तो हर अभिभावक अपने बच्चे को शिक्षक बनाने की सोचता था। बच्चा कुछ इंटेलीजेंट होता तो सरकारी नौकरी में ही किसी बड़े पद के सपने देखे जाते थे। कुल मिलाकर सरकारी नौकरी पाना उन दिनों हर छात्र और उसके अभिभावकों का सपना होता था। इसके बाद दौर आया डॉक्टर-इंजीनियर का। मेडिकल व इंजीनियरिंग कोर्सेज में एडमिशन के लिए होने वाले टेस्ट की कोचिंग करवाने वाले इंस्टीट्यूट्स में स्टूडेंट्स की जैसे बाढ़ आ गई। गली-गली में इंस्टीट्यूट और कॉलेज खुल गए। अभी भी कमोबेश यही हाल हैं। लेकिन इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी और डिजिटल क्रांति के नए एरा में कॅरिअर के ऑप्शन्स भी मोडिफाई हो गए हैं। पिछले दशक में हमारा जीवन काफी हद तक विकसित हुआ है।

टेक्नोलॉजी के आगमन से हमारी दैनिक जीवनशैली और हमारी मानसिकता में कई बदलाव आए हैं। इसने अवसरों और नए विचारों के दरवाजे और खिड़कियां खोल दी हैं। टेक्नोलॉजी ने साबित कर दिया है कि अपरंपरागत विचार या नए युग के कॅरिअर भी एक खुशहाल और संतुष्ट जीवन का निर्माण कर सकते हैं। तो आज के यूथ बेधड़क में हम देखेंगे आज के दौर के नए कॅरिअर ऑप्शन्स के बारे में जो युवाओं के लिए जीवन बदलने वाले हो सकते हैं।





## प्रोफेशनल गेमर्स

प्रोफेशनल गेमिंग भी कॅरिअर के रूप में इन दिनों लोकप्रिय है। कंपनियां अक्सर उपयोगकर्ता अनुभव, बग, गति, संवाद और गुणवत्ता के आधार पर अपने गेम का परीक्षण करने के लिए गेमर्स को नियुक्त करती हैं। उन्हें गेम के सभी स्तरों को पूरा करने और वीडियो गेम के लिए महत्वपूर्ण सभी कारकों को शामिल करते हुए इसकी विस्तृत समीक्षा प्रस्तुत करने के लिए भुगतान किया जाता है। आभासी वास्तविकता, वीडियो गेम और कंसोल की बढ़ती लोकप्रियता के साथ, यह निश्चित रूप से उन कॅरिअर में से एक है जो अगले दशक को परिभाषित करेगा।

## सोशल मीडिया मैनेजर

रोमांचक कॅरिअर्स की सूची में हमेशा शीर्ष पर रहने वाला, सोशल मीडिया प्रबंधन एक लोकप्रिय पेशा है क्योंकि विभिन्न प्लेटफॉर्म ऑनलाइन, सार्वजनिक मंचों के रूप में उभरे हैं, और डिजिटल रूप से ट्रैफिक बढ़ाने का एक तरीका है। सोशल मीडिया प्रबंधक व्यवसायों, ब्रांडों और संगठनों के लिए सोशल मीडिया प्रेजेंस, जुड़ाव बढ़ाने और बदले में एक निश्चित अवधि में विभिन्न प्लेटफार्मों पर लोकप्रियता हासिल करने के लिए सोशल मीडिया अभियानों की योजना बनाते हैं और उन्हें लागू करते हैं। यदि आप लिखने में अच्छे हैं, यह समझते हैं कि ये डिजिटल प्लेटफॉर्म कैसे काम करते हैं और डिजिटल मार्केटिंग और ग्राहक संबंधों में कुशल हैं, तो यह नौकरी आपके लिए उपयुक्त है।



## डेटा साइंटिस्ट

डेटा साइंटिस्ट प्रोग्रामिंग भाषाओं, गणित और स्टेटिस्टिक्स का उपयोग करके बड़ी मात्रा में असंरचित डेटा को क्यूरेट करता है। कंपनियां डेटा वैज्ञानिकों को डेटा को माइन करने, प्रस्तुत करने और साफ करने के साथ-साथ अंतर्दृष्टि, पैटर्न और रुझानों के लिए अनियमित डेटा के स्रोत, प्रबंधन और विश्लेषण के लिए नियुक्त करती हैं जो व्यवसायों और अन्य संगठनों के लिए उपयोगी हो सकते हैं।

## यूआई/यूएक्स डिजाइनर

ऐसे समय में जब एप्लिकेशन्स और वेबसाइट्स डिजिटल मार्केटिंग और बिजनेस जगत में बड़ी भूमिका निभाती हैं, यूआई/यूएक्स डिजाइनिंग आज के सबसे अच्छे भुगतान वाले, नए युग के कॅरिअर में से एक है। एक यूआई/यूएक्स डिजाइनर किसी मोबाइल एप्लिकेशन या वेबसाइट के लिए सर्वोत्तम उपयोगकर्ता अनुभव के लिए इंटरफेस बनाता है। ग्राफिक डिजाइनिंग और डिजाइनिंग सॉफ्टवेयर के ज्ञान के अलावा, इस पेशे में महारत हासिल करने के लिए जिज्ञासा और मानव व्यवहार की समझ व विजुअल कम्युनिकेशन में कुशल होना है।

## सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर/यूट्यूबर

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर संभवतः उन लोगों के लिए सबसे आकर्षक नए युग के कॅरिअर में से एक है, जिन्हें सोशल मीडिया का शौक है, वे अपने मालिक बनना चाहते हैं और सामग्री बनाना पसंद करते हैं।
सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर वह व्यक्ति होता है जिसे अपने सोशल मीडिया हैंडल और ब्लॉग के माध्यम से कंपनियों के लिए विपणन के लिए भुगतान किया जाता है। कंपनियां अपने उत्पादों का उपयोग करने और बिक्री बढ़ाने के लिए अपने दर्शकों को ईमानदार समीक्षा और विज्ञापन देने के लिए प्रभावशाली लोगों को भुगतान करती है।



## फूड स्टाइलिस्ट

फूड स्टाइलिंग रचनात्मक लोगों के लिए एक लीक से हटकर, नए जमाने का कॅरिअर है, जिन्हें फूड शोकेसिंग का शौक है। विज्ञापन के लिए उत्पादों की दृश्य प्रस्तुति की योजना बनाने के लिए खाद्य उद्योग द्वारा इस क्षेत्र में इन प्रोफेशनल्स को काम पर रखा जाता है। वे सफल विपणन अभियानों के लिए आकर्षक चित्र बनाने के लिए फोटोग्राफरों के साथ काम करते हैं। फोटोग्राफी, भोजन तैयार करने और पाक कला और होटल प्रबंधन में प्रमाणन का अच्छा ज्ञान आपको एक सफल खाद्य स्टाइलिस्ट बनने में मदद कर सकता है।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/मशीन लर्निंग स्पेशलिस्ट

एआई साइंटिस्ट इंसानों के कार्यों को आसान बनाने और मानवीय भागीदारी के बिना निर्णय लेने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके सॉफ्टवेयर और प्रासंगिक कार्यक्रम विकसित करते हैं। विशेषज्ञ डेटा इकट्ठा करने, तैयार करने के लिए उच्च तकनीक प्रणालियों के साथ काम करते हैं। वे मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित नवीन गैजेट और सॉफ्टवेयर के आविष्कार में भी भाग लेते हैं, जो आज हर उद्योग में काफी लोकप्रिय हैं।



## 5. ब्लॉकचेन इंजीनियर

ब्लॉकचेन के लगातार आईटी उद्योग के एक लोकप्रिय हिस्से के रूप में विकसित होने के साथ, ब्लॉकचेन इंजीनियरों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है, जिससे यह क्षेत्र एसटीईएम उम्मीदवारों के लिए नए युग के रोमांचक कॅरिअर विकल्पों में से एक बन गया है। एक हाई पेड ब्लॉकचेन इंजीनियर बनने के लिए सॉफ्टवेयर विकास की एक ठोस नींव और विभिन्न प्रोग्रामिंग भाषाओं में दक्षता की आवश्यकता होती है।

## डिजिटल मार्केटिंग स्पेशलिस्ट

चूंकि बिजनेस का बहुत बड़ा हिस्सा डिजिटल हो गया है, इसलिए ऑनलाइन मार्केटिंग में विशेषज्ञता हासिल करने का अवसर भी बहुत बड़ा है। डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और वर्ल्ड वाइड वेब (www) के माध्यम से किसी कंपनी की सहभागिता बढ़ाने के लिए ऑनलाइन मार्केटिंग अभियान बनाते हैं, ताकि यह दुनिया के किसी भी हिस्से से नए व्यवसाय के लिए खुल सके। एसईओ, ब्लॉगिंग, कंटेंट मार्केटिंग आदि सभी डिजिटल मार्केटिंग अभियान के घटक हैं, जिनका उपयोग विशेषज्ञों द्वारा अक्सर किया जाता है।

## ऑनलाइन एडवर्टाइजमेंट मैनेजर

ऑनलाइन विज्ञापन प्रबंधक विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के लिए व्यवसाय के डिजिटल विज्ञापनों की देखरेख, कार्यान्वयन, प्रबंधन और निर्माण करते हैं। हम अक्सर वेबसाइटों, वेबपेजों, यूट्यूब वीडियो के बीच और गूगल सर्च पेज पर भी कंपनियों के विज्ञापन देखते हैं। यह एक विज्ञापन प्रबंधक का काम है। वे अपने दर्शकों का विश्लेषण करने और कंपनी के लिए आकर्षक विज्ञापन बनाने के लिए डिजिटल मार्केटिंग टीम के साथ काम करते हैं।
इस नए युग के कॅरिअर में शामिल होने के लिए बिक्री और मार्केटिंग के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और डिजिटल विज्ञापन की समझ जरूरी है।



# कितना उदार हमारा लोकतंत्र



डॉ. सी.बी. यादव
स्वतंत्र टिप्पणीकार

आजकल भारत में लोकतंत्र शब्द सबसे अधिक आम चर्चा का विषय बना हुआ है। विपक्ष जहां लोकतंत्र पर खतरे की बात को प्रमुखता से उठा रहा है। वहीं लगातार चुनाव में विजय प्राप्त कर रही भाजपा अपने हर निर्णय को चुनाव परिणामों से जोड़कर लोकतंत्र में जनमत की अभिव्यक्ति के रूप में व्याख्यायित कर रही है। जब विपक्ष लोकतंत्र पर खतरे की बात को उठाता है तो उसके पीछे लोकतंत्र की रक्षा करने वाली संस्थाएं यथा स्वतंत्र न्यायपालिका, चुनाव आयोग, स्वतंत्र व निडर मीडिया एवं संविधान आदि के कमजोर करने तथा सरकार द्वारा अपनी एजेंसियों के माध्यम से विपक्ष की आवाज को दबाने के प्रयासों को रेखांकित करता है। वहीं, सत्ता पक्ष विशेष कर भाजपा चुनाव में मिले जन समर्थन तथा सरकार की नीति के विरुद्ध किसी भी बड़े विरोध की अनुपस्थिति को लोकतंत्र में विश्वास के रूप में प्रदर्शित करती है। भारत के लोकतंत्र की वर्तमान दशा एवं भविष्य की दिशा को जानने एवं परखने के लिए हमें उदार लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देशों में हालिया बरसों में हुई कुछ घटनाक्रमों को देखकर उसे भारत के लोकतंत्र की तुलना करने से बेहतर रूप से किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है।

गाजा में नरसंहार का समर्थन करने के लिए अमेरिकी मीडिया में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के विरुद्ध जबरदस्त आलोचना की जा रही है। अमेरिका के अतिरिक्त गाजा में तत्काल युद्धविराम की मांग को लेकर ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा में सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं तथा इनमें से किसी भी देश की सरकार द्वारा अपने विरुद्ध हो रहे इन विरोध प्रदर्शनों को दबाने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। इन देशों में अपने नागरिकों की नाराजगियों का प्रभाव यहां की सरकारों के नीतिगत निर्णय में भी देखने का प्राप्त होता है। जून 2020 में जब अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता में बने रहने के लिए सेना एवं पुलिस के इस्तेमाल का प्रयोग करना चाहा तब अमेरिकी जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल मिले द्वारा इसका पुरजोर विरोध किया गया। उन्होंने अपना इस्तीफा देते हुए कहा था 'अगर वे मेरा कोर्ट-मार्शल करना चाहते हैं या मुझे जेल में डालना चाहते हैं, तो ऐसा ही करें... मैं वहां से भी लड़ूंगा।' नवंबर 2023 में बीबीसी के पत्रकारों ने भी युद्ध के कवरेज में पक्षपाती होने, फिलिस्तीनियों को अमानवीय बताने और इजराइली अत्याचारों को दिखाने से परहेज करने के लिए अपने प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तक किया। इस संबंध में लंदन मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एक उदाहरण को भी सामने रखना उचित होगा। ब्रिटेन में विभिन्न नागरिक संगठन फिलिस्तीनियों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन करना अनुमति चाहते थे। ब्रिटिश मेट्रोपोलिटन पुलिस ने इसकी अनुमति दे दी, लेकिन ब्रिटेन के गृह सचिव ब्रेवरमैन ने पुलिस की इस रवैया का खुला विरोध करते हुए इसे पक्षपाती करार दिया। ब्रेवरमैन के इस बयान का ब्रिटेन में जबरदस्त विरोध हुआ एवं ब्रिटेन की सनक सरकार को अपने गृह सचिव को बर्खास्त करना पड़ा। जबकि ब्रिटिश सरकार इजराइल का समर्थन कर रही है।

> **लोकतंत्र केवल सरकारों के हाथों ही नहीं मरता है, बल्कि इसके लिए नागरिकों की उदासीनता, लोक सेवकों के कमजोर मूल्य, सार्वजनिक विवेक एवं जनमत का शून्यभाव स्थिति भी इसे कमजोर करने लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार होते हैं। तीसरी दुनिया के जिन देशों में बिना संघर्ष के स्वतंत्रता प्राप्त हुई उन देशों में नागरिक चेतना के अभाव के कारण लोकतंत्र बहुत जल्दी ही दम तोड़ दिया। इन देशों में लोकतंत्र के नाम पर छद्म लोकतंत्र कार्य कर रहा है।**

उदार लोकतांत्रिक देश के उक्त उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि लोकतंत्र को बनाए रखने एवं मजबूत करने का दायित्व केवल सरकार एवं संस्थानों पर ही नहीं होता, बल्कि नागरिकों की जागरूक अभिव्यक्ति, लोक सेवकों की कर्तव्य निष्ठा एवं लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण रूप से उत्तरदायी होती है। जिस प्रकार से प्रगतिशील उदार लोकतांत्रिक देश के नागरिकों द्वारा दुनिया में होने वाली अमानवीय घटनाओं पर अपनी ही सरकारों के विरुद्ध प्रतिक्रिया दी जा रही है। क्या ऐसी प्रतिक्रिया भारतीय नागरिक समाज द्वारा दी जा रही है? यूक्रेन, गाजा पट्टी आदि मानवता पर हमले पर किसी भी प्रकार की कोई बड़ी प्रतिक्रिया भारतीय समाज द्वारा सामने नहीं आई है। यदि कुछ प्रतिक्रिया भी आई है तो उसे सरकार, भारतीय मीडिया व जनमानस ने देश विरोधी बताने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। किसान आंदोलन पर भी सरकार एवं आंदोलनकारी के बीच संवादहीनता की स्थिति एक वर्ष से भी लंबे समय तक देखी गई। शायद ही भारतीय पुलिस अथवा अन्य संस्थानों में कार्यरत लोक सेवकों की कोई ऐसी प्रतिक्रिया देखने को प्राप्त होती है, जो सरकार की इच्छा के विरुद्ध हो एवं लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई देती हो। हालिया कुछ सूत्रों की सूचनाओं ने ओर भी चिंतित किया है। चर्चा है कि राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम में सुरक्षा क्षेत्र के सेवानिवृत्त उच्च पदस्थ रहे लोग भी सम्मिलित हो रहे हैं। जाहिर है, यह हमारे सशस्त्र बलों के गैर-राजनीतिक और धर्म-तटस्थ लोकाचार को और कमजोर कर सकता है। निश्चित ही ऐसा प्रतीत होता है कि भारतीय लोकतंत्र शैशवावस्था में ही दम तोड़ता हुआ नजर आ रहा है। लेकिन इसके लिए केवल सरकारों को दोष देना उचित नहीं है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## ड्रैगन कर रहा बांग्लादेश में प्रा

# तीस्ता नदी पर चीन का दखल



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

> *तीस्ता के उद् गम स्रोत पूर्वी हिमालय में स्थित सिक्किम राज्य के झरने हैं। ये झरने एकत्रित होकर नदी के रूप में बदल जाते हैं। नदी सिक्किम और पश्चिम बंगाल से बहती हुई बांग्लादेश में पहुंचकर ब्रह्मपुत्र में मिल जाती है। इसलिए सिक्किम और पश्चिम बंगाल के पानी से जुड़े हित इस नदी से गहरा संबंध रखते हैं। तीस्ता नदी सिक्किम राज्य के लगभग समूचे मैदानी क्षेत्रों में बहती हुई बंग्लादेश की सीमा में करीब 2800 वर्ग किमी क्षेत्र मे बहती है।*

अभी तक चीन का हस्तक्षेप भारत और बांग्लादेश में से बहने वाली नदी तीस्ता पर दिखाई नहीं देता था। किंतु, अब इस नदी पर एक विशाल जलाशय बनाने के बहाने चीन ने बांग्लादेश की जमीन पर तीस्ता नदी पर विकास कार्यों में सहयोग बढ़ाने की इच्छा जताई है। यह जानकारी बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने दी है। 'चिकन नेक' नाम से जाने जानी वाली सिलिगुड़ी गलियारा के निकट प्रमुख परियोजना में भारत द्वारा आपत्ति उठाए जाने पर बांग्लादेश ने यह जवाब दिया है। कुछ दिन पहले ही चीनी राजदूत याओ वेन ने कहा था कि बीजिंग को ढाका से तीस्ता जल भराव क्षेत्र के विकास के लिए कई प्रस्ताव मिले हैं। इस सिलसिले में बांग्लादेशी अधिकारियों का कहना है कि तीस्ता नदी में वृहद स्तर पर सफाई करने, जलाशय और तटबंध बनाने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन करोड़ों डॉलर की इस परियोजना को अब तक रोके रखा है, क्योंकि विशेषज्ञों का मानना है कि चीनी भागीदारी से इस नदी पर भारत और बांग्लादेश के बीच जल-बंटवारे को लेकर चल रहा लंबा विवाद और गहरा सकता है। हालांकि, 2009 में प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता पर काबिज होने के बाद से ही जल बंटवारे पर सहमति से समझौते की बात चल रही है। दोनों पड़ोसी देश तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की 2011 में की गई बांग्लादेश की यात्रा के दौरान समझौते पर हस्ताक्षर के लिए लगभग तैयार थे, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अंतिम समय पर समझौते के विरुद्ध खड़ी हो गईं, नतीजतन तय प्रस्ताव को निलंबित कर दिया गया। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भी इस पहलू पर बातचीत चल रही है।

भारत एवं बांग्लादेश के बीच 25 वर्षों से दोनों देशों के बीच बहने वाली नदियों के जल बंटवारे को लेकर समझौते की बातचीत चल रही है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2022 में परस्पर हुई बातचीत के बाद कुशियारा नदी के संदर्भ में अंतरिम जल बंटवारा समझौते पर हस्ताक्षर भी हो गए हैं। वर्ष 1996 में गंगा नदी जल संधि के बाद इस तरह का यह पहला समझौता है। इसे अत्यंत महत्वपूर्ण समझौता माना जा रहा है। यह भारत के असम और बांग्लादेश के सिलहट क्षेत्र को लाभान्वित करेगा। भारत और बांग्लादेश की सीमाओं के आरपार 54 नदियां जाती हैं और सदियों से दोनों देशों के करोड़ों लोगों की आजीविका का मुख्य साधन बनी हुई हैं। इन नदियों के किनारों पर मानव सभ्यता के विकास के साथ सृजित हुए लोक गीत और लोक कथाएं, धर्म एवं संस्कृति की ऐसी धरोहर हैं, जो मानव समुदायों को लोक कल्याण का पाठ पढ़ाने के साथ नैतिक बल मजबूत बनाए रखने का काम करती हैं। फिर भी, दोनों देशों के बीच बहने वाली तीस्ता नदी के जल बंटवारे को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है।

नदियों के जल-बंटवारे का विवाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी विवाद का विषय बना रहा है। ब्रह्मपुत्र को लेकर चीन से, तीस्ता का बांग्लादेश से झेलम, सतलुज तथा सिंधु का पाकिस्तान से और कोसी को लेकर नेपाल से विरोधाभास कायम है। भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्तों में खटास सीमाई क्षेत्र में कुछ भूखंडों, मानव-बस्तियों और तीस्ता नदी के जल बंटवारे को लेकर पैदा होता रहा है। हालांकि, दोनों देशों के बीच संपन्न हुए भू-सीमा समझौते के माध्यम से इस विवाद पर तो विराम लग गया, लेकिन तीस्ता की उलझन बरकरार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2015 में बांग्लादेश यात्रा पर गए थे, तब ढाका में द्विपक्षीय वार्ता भी हुई थी, लेकिन तीस्ता की उलझन, सुलझ नहीं पाई थी।

विदेश नीति में अपना लोहा मनवाने में लगे नरेंद्र मोदी से यह उम्मीद इसलिए ज्यादा है, क्योंकि शेख हसीना दोनों देशों में परस्पर दोस्ती की मजबूत गांठ बांधने के उद्देश्य से भारत आती रही हैं । यह उम्मीद इसलिए भी है, क्योंकि 2016 में मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने बांग्लादेश के साथ कुछ बस्तियों और भूक्षेत्रों की अदला-बदली में सफलता प्राप्त की थी। इसलिए उम्मीद की जा रही है, कि तीस्ता नदी से जुड़े जल बंटवारे का मसला भी हल हो जाएगा। ऐसा माना जाता है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और केंद्र सरकार के बीच राजनैतिक दूरियों के चलते इस मुद्दे का हल नहीं निकल पा रहा है। यह विवाद 2011 में ही हल हो गया होता, यदि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अड़ंगा नहीं लगाया होता? अब यदि चीन तीस्ता के विकास के बहाने हस्तक्षेप करता है तो यह विवाद अर्से तक अनसुलझा ही रह जाएगा। हालांकि बांग्लादेश में इस समय आम चुनाव चल रहे हैं, शेख हसीना ने अपने चुनावी घोषणा-पत्र में कहा है कि यदि उनका दल चुनाव में जीतता है तो भारत के साथ सहयोग व दोस्ताना संबंधों को यथावत रखा जाएगा। यहां 7 जनवरी 2024 को चुनाव होने हैं।

तीस्ता के उद्गम स्रोत पूर्वी हिमालय में स्थित सिक्किम राज्य के झरने हैं। ये झरने एकत्रित होकर नदी के रूप में बदल जाते हैं। नदी सिक्किम और पश्चिम बंगाल से बहती हुई बांग्लादेश में पहुंचकर ब्रह्मपुत्र में मिल जाती है। इसलिए सिक्किम और पश्चिम बंगाल के पानी से जुड़े हित इस नदी से गहरा संबंध रखते हैं। तीस्ता नदी सिक्किम राज्य के लगभग समूचे मैदानी क्षेत्रों में बहती हुई बंग्लादेश की सीमा में करीब 2800 वर्ग किमी क्षेत्र मे बहती है। नतीजतन इन क्षेत्रों के रहवासियों के लिए तीस्ता का जल आजीविका के लिए वरदान बना हुआ है। इसी तरह पश्चिम बंगाल के लिए भी यह नदी बांग्लादेश के बराबर ही महत्व रखती है। बंगाल के छह जिलों में तो इस नदी की जलधारा को जीवन-रेखा माना जाता है। भारत और बांग्लादेश के मध्य द्विपक्षीय सहयोग की शुरुआत इस देश के अस्तित्व में आने के वर्ष 1971 में ही हो गई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान से अलग होने वाले स्वतंत्र राष्ट्र बांग्लादेश का समर्थन करते हुए अपनी शांति सेना भेजी और इस देश को पाक की गुलामी से मुक्त कराया। इस कारण दोनों देषों के बीच भावनात्मक संबंध हिंदुओं पर अत्याचार के बावजूद कायम हैं। 1983 में दोनों देशों के बीच एक तदर्थ जल हिस्सेदारी पर संधि हुई थी, जिसके तहत 39 एवं 36 प्रतिशत जल बंटवारा तय हुआ।

यदि यह समझौता हो जाता है तो इसके सामरिक हित भी भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत का उत्तर-पूर्वी क्षेत्र सामरिक दृष्टि से बांग्लादेश के उदय के समय से ही नाजुक बना हुआ है। इसलिए बांग्लादेश की आर्थिक कमजोरी के चलते बांग्लादेशी घुसपैठियों की निरंतरता बनी हुई है। बांग्लादेश में करीब 10 लाख म्यांमार से विस्थापित रोहिंग्या शरणार्थी बने हुए हैं। ये भी भारत में लगातार घुसपैठ कर सीमावर्ती राज्यों में जनसंख्यात्मक घनत्व बिगाड़ रहे हैं। करीब 40,000 रोहिंग्या भारत में अवैध घुसपैठियों के रूप में प्रवेश कर चुके हैं। लिहाजा तीस्ता एवं अन्य नदियों के जल बंटवारे पर कोई निर्णायक स्थिति बन जाती है तो बांग्लादेश में कृषि और जल आधारित रोजगार मिलने लग जाएंगे, फलस्वरूप भारत में घुसपैठ थमने की उम्मीद की जा सकेगी? दोनों देशों को संधि के उपरांत संयुक्त रूप से बाढ़ और सूखे की आपदा से निराकरण के उपाय तलाशना भी आसान होगा। लेकिन चीन का दखल तीस्ता के विकास को लेकर सामने आता है तो जल-बंटवारे की संभावना लंबे समय तक खटाई में पड़ जाएगी। यदि शेख हसीना की आम चुनाव के बाद वापसी नहीं होती है तो यह विवाद सुलझना और मुश्किल हो जाएगा।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# ईमानदार दिल की नियति



मनीष कुमार चौधरी
व्यंग्यकार

उसने कोई भेड़चाल वाला काम शुरू नहीं किया, बल्कि सर्वथा नए तरह के माल की दुकान लगाई थी। दिल की दुकान। कई तरह के दिलों की वैराइटियां उसके पास थीं। हर तरह के भाव या जज्बा रखने वाले। जालसाजी, मिलावट, गबन, रिश्वतखोरी, फर्जी निकासी, लोन लेकर न चुकाना और विदेश भाग जाना आदि के भाव मिनटों में उत्पन्न करने वाले दिलों के साथ-साथ बड़े आपराधिक कृत्यों में हत्या, चोरी, डकैती, लूट, बलात्कार, दंगों के अलावा देशद्रोह का जज्बा पैदा करने वाले दिल भी उसके पास भरपूर थे। ईमानदारी की किस्म में नैतिकता, सदाचार, सेवाभाव, त्याग भावना से ओतप्रोत दिल थे।'

पहला ग्राहक एक किराने वाला था। अपने ईमानदार दिल की जगह मिलावट के भाव भरने वाला दिल रिप्लेस कराने के बाद ज्यों ही वह व्यापारी अपनी किराने की दुकान पर आकर बैठा, उसके मन में अजीब-अजीब से भाव आने लगे। दिल ने गवाही दी तो दिमाग मिलावट के नए-नए आइडिए पैदा करने लगा। नतीजे में कालीमिर्च में पपीते के बीज, धनिए में घोड़े की लीद, हल्दी में पीली मिट्टी मिलाई जाने लगी। सरसों के तेल के लिए सत्यानाशी का बीज आ गया। महीना भर बीतते-बीतते वह किराने वाला लाखों में खेलने लगा। ग्राहकों के इंतजार में बैठा छत की पट्टियां गिनने वाला कुछ ही दिनों में एक भव्य डिपार्टमेंटल स्टोर का मालिक बन गया।

इधर 'माउथ टू माउथ' प्रचार की बयार चल पड़ी और पूरे शहर को दिलवाला की दुकान का पता चल गया। व्यापारी आकर मिलावट के भाव जगाने वाला दिल लेने लगे तो दफ्तरों के बाबू रिश्वत, गबन, फर्जी निकासी वाले। शेयर दलाल जालसाजी के दिलों पर टूट पड़े। नौजवां छात्र-छात्राएं झूठ बोलने में मदद करने वाला दिल ले गए, ताकि मां-बाप को स्कूल-कॉलेज जाने का झूठा बहाना बनाकर प्रेमियों के साथ सिनेमा देखने जा सकें। कुछ भाई सरीखे लोग आए और लूट, हत्या, बलात्कार, देशद्रोह की प्रकृति वाले दिल मुंहमांगे दामों में फिट करवा गए। खादी के कुर्ता-पायजामा पहनकर आए कई लोगों ने दिलवाला से ऐसे दिल रखने की मांग की जिससे कुर्सी के प्रति मोह में वृद्धि हो। देशभर में दिलवाला के दिल बिकने लगे। स्थिति यह हो गई कि हर ईमानदार दिलवाला देशवासी अपना दिल देकर बाकी तमाम तरह के दिल लगवाने लगा।

सब तरफ भ्रष्टाचार, आतंक, देशद्रोह, सत्ता मोह वाली प्रकृति के दिल वाले नजर आने लगे। बस यहीं आकर दिलवाला की दूरदर्शिता धूल चाटने लगी। उसका धंधा एकाएक संकट में आ गया। कारण कि लोग अपना साफ-सुथरा ईमानदार दिल दिलवाला को देकर बदले में बुरे भावों वाले दिल लगवा ले गए तो दिलवाला की दुकानों पर ईमानदारी के दिलों का ओवर-स्टॉक हो गया। इन दिलों को भला कौन खरीदे। स्थिति यह थी कि कोई रद्दी वाला भी इन ईमानदार दिलों को लेने को तैयार न था। ईमानदारी के दिल की यही नियति होती है। उसका कोई खरीदार नहीं होता।

## नॉलेज कॉर्नर: सूर्य की चाल अलग-अलग टाइम होने की मूल वजह

# ऐसे तय होता है दुनिया का 'समय'

इंसानों को टाइम ट्रैवल का कॉन्सेप्ट बहुत लुभाता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि टाइम ट्रैवल सिर्फ फिल्मी कहानियों तक सीमित नहीं है। बल्कि आप भी एक तरह से समय का पहिया आगे या पीछे की ओर घूमा सकते हैं। इसी तरह का फायदा उठाकर कई लोगों ने 2024 का एक नहीं बल्कि दो बार स्वागत किया था। दरअसल, अगर आप 1 जनवरी की सुबह 1 बजे को टोक्यो से फ्लाइट पकड़ते हैं। तो जब आप लॉस एंजेलिस पहुंचेंगे तब घड़ी का समय लगभग 10 घंटे पीछे हो जाएगा। दरअसल, लॉस एंजेलिस में उस समय 31 दिसंबर के शाम 5 बज रहे होंगे। यह कोई जादू नहीं है। इसकी वजह है टाइम जोन का अंतर। आइए, आज जानते हैं कि टाइम जोन क्या है और दुनिया का कोई एक समय क्यों नहीं है।

### कनाडाई रेलवे के इंजीनियर को श्रेय

टाइम जोन बनाने का श्रेय कनाडाई रेलवे के लिए एक इंजीनियर को दिया जाता है। नाम था सर सैनफोर्ड फ्लेमिंग। अलग-अलग टाइम की परेशानी से एक बार इनकी भी ट्रेन छूट गई थी। तब इनको स्टैंडर्ड टाइम बनाने का विचार आया।उन्होंने सुझाव दिया कि दुनिया को 24 टाइम जोन में बांट दिया जाए। इन सब में 15 डिग्री लॉन्गिट्यूड की बराबर की दूरी होती। हर 15 डिग्री की दूरी में एक घंटे का अंतर होता। मगर अब भी यह दिक्कत थी कि 24 समय क्षेत्रों को बांटते समय मैप का केंद्र बिंदु किसे माना जाए। इसी को तय करने के लिए 1884 में अंतर्राष्ट्रीय प्राइम मेरिडियन सम्मेलन बुलाया गया। इस सम्मेलन में ग्रीनविच, इंग्लैंड को प्राइम मेरिडियन चुना गया। प्राइम मेरिडियन मतलब मैप का केंद्र बिंदु। ग्रीनविच को 0 डिग्री रखा गया। इस हिसाब से जब हम पूर्व की ओर जाते हैं तो टाइम बढ़ता है। वहीं, जब ग्रीनविच से पश्चिम की ओर जाते हैं तो टाइम घटता है। दुनिया के कई देशों ने ग्रीनविच को प्राइम मेरिडियन मानकर अपने देश की घड़ियों का समय सेट किया था।




### सब देशों का अलग टाइम जोन क्यों है?

ये तो आप जानते हैं कि धरती सौर मंडल में सूरज का चक्कर लगा रही है। साथ ही वो अपने एक्सिस पर भी 24 घंटे घूमती रहती है। सूरज का चक्कर लगाने से साल बदलता है और एक्सिस पर घूमने से धरती पर दिन और रात होती है। मगर धरती का आकार इतना बड़ा है कि एक समय पर यहां एक जगह दिन, तो दूसरी जगह रात होती है। देशों के अलग-अलग टाइम जोन होने की मूल वजह यही है। क्योंकि समय को सूर्य की पोजिशन के हिसाब से सेट किया जाता है। इसलिए अलग-अलग जगह अलग-अलग समय पर सूरज उगने से टाइम बदल जाता है।


### कैसे शुरू हुआ टाइम जोन का फंडा?

*पहले तो यह इतनी दिक्कत नहीं होती थी, लेकिन बाद में रेल चलने लगी, जिससे इंसान कुछ घंटों में एक कोने से दूसरे कोने तक पहुंचने लगें। इसी के साथ लोगों में समय की कन्फ्यूजन शुरू हो गई। यात्रियों की ट्रेन छूटने लगी और रेलवे भी ढंग से ट्रेनों को प्लान नहीं कर पा रहा था।*


*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
करोड़ों भक्तों के आराध्य प्रभु श्री राम अपने दिव्य धाम वापस आ रहें हैं।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
हमारे रिश्तों में, यह महत्वपूर्ण है कि हम केवल व्यवहारों को ही संबोधित न करें, बल्कि उन अधूरी जरूरतों को भी संबोधित करें जो उन व्यवहारों का कारण बनती हैं।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
करुणा कृपालु दयालुता नहीं है. यह आपके आस-पास की हर चीज़ के साथ एक भावुक जुड़ाव है।

**पश्चिम बंगाल:** ईडी टीम पर हमले को लेकर गर्माई सियासत, कांग्रेस-भाजपा ने टीएमसी पर साधा निशाना

# राज्यपाल ने दिया फरार TMC नेता की तलाश व गिरफ्तारी का आदेश

**एजेंसी** | कोलकाता।

पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय की टीम और सुरक्षा बलों की टीम पर गत दिनों हुए हमले को लेकर सियासत गर्मा गई है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने तृणमूल कांग्रेस और भाजपा पर प्रहार किया। वहीं, भाजपा ने भी तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा है। दूसरी ओर राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने पुलिस को एक कड़ा संदेश देते हुए हमले के मास्टरमाइंड और तृणमूल कांग्रेस के फरार नेता शेख शाहजहां का तत्काल पता लगाने और गिरफ्तारी का आदेश दिया है। रासूत्रों के मुताबिक, राजभवन के शांति-कक्ष को शाहजहां को प्रभावशाली राजनीतिक संरक्षण मिलने की शिकायतें मिली थीं। उन शिकायतों में पुलिस प्रशासन के एक वर्ग पर भी इस सांठगांठ में शामिल होने का आरोप लगाया गया था। राज्यपाल ने कहा है कि इस मामले पर उनकी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से चर्चा हुई है। राज्यपाल ने चर्चा का ब्योरा देने से इनकार करते हुए कहा कि बातचीत में क्या हुआ, इसके बारे में वह सही समय पर



खुलासा करेंगे। सूत्रों के अनुसार राज्य पुलिस इस बात की जांच करेगी कि क्या फरार नेता अभी भी राज्य में है या किसी दूसरे राज्य या किसी पड़ोसी देश में भाग गया है। राज्यपाल ने राज्य पुलिस को यह जांच करने का भी निर्देश दिया था कि फरार तृणमूल कांग्रेस नेता का उग्रवाद से कोई संबंध है या नहीं।ज्ञात रहे कि केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों पर शुक्रवार को उस समय हमला किया गया जब उन्होंने तृणमूल नेता शेख शाहजहां के आवास पर छापेमारी और तलाशी का प्रयास किया। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता भाजपा के सुवेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया था कि हमलावरों का एक समूह अवैध रोहिंग्या घुसपैठियों का था।

## सत्ताधारी पार्टी करती है खतरनाक लोगों का बचाव



इस बीच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने ईडी को लेकर विवादित टिप्पणी करते हुए कहा, ईडी क्या करेगी? ईडी खुद बेवकूफ है। टीएमसी नेता शाहजहां शेख के खिलाफ जारी लुकआउट सर्कुलर पर एक सवाल के जवाब में अधीर रंजन चौधरी ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, बंगाल में सत्ताधारी पार्टी उनका ख्याल रखेगी। सत्ताधारी दल पार्टी में खतरनाक लोगों को बचाने का काम करता है। उन्होंने आगे कहा, यह 'देखभाल' वाली सरकार है तो लुकआउट सर्कुलर का क्या उपयोग है? किसी को बड़े-बड़े दावे नहीं करने चाहिए। चाहे वो भाजपा हो, ईडी हो या फिर सीबीआई। भाजपा तो रोहिंग्या का राग अलापती रहती है। इतने समय तक वे कहां थे और गृह मंत्रालय कहां था? अब जब मामला सुर्खियों में है तो उन्होंने ध्रुवीकरण की राजनीति शुरू कर दी है।

## BJP नेता का दावा: उत्तर 24 परगना में छिपा है शाहजहां



इस बीच, भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को दावा है कि शाहजहां बांग्लादेश भागने की ताक में हैं और फिलहाल पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली में छिपा हुआ है। उन्होंने कहा कि स्थानीय पुलिस और प्रशासन को भी इसकी जानकारी है, लेकिन कार्रवाई के लिए पुलिस राजनीतिक आकाओं और टीएमसी आलाकमान की ओर से इशारा होने का इंतजार कर रही है।

## जनता का प्यार पैसे से नहीं खरीदा जा सकता: उद्धव



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि जनता से मिलने वाला प्यार और स्नेह पैसे से खरीदा नहीं जा सकता। उन्हें बदनाम करने वाले आलोचकों को भी यह बात पता है। भले ही उनकी पार्टी का चुनाव चिह्न और नाम दूसरे खेमे के पास है, लेकिन प्रदेश की जनता उनके साथ है। ठाकरे रविवार को पश्चिमी मुंबई के बांद्रा में अपने समर्थकों को संबोधित किया। बगावत के बाद हाल ही शिवसेना (यूबीटी) में लौटे नेताओं का जिक्र करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि आगे बड़ी राजनीतिक लड़ाई है लेकिन सभी वफादारों और समर्थकों के एकजुट रहने पर कड़े संघर्ष के बाद जीत पाई जा सकती है।

## दोरजी शेरिंग लेप्चा राज्यसभा के लिए भाजपा प्रत्याशी

**गंगटोक।** भाजपा ने रविवार को सिक्किम से राज्यसभा चुनाव के लिए विधायक दोरजी शेरिंग लेप्चा को अपना उम्मीदवार घोषित किया। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने एक बयान में कहा कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने 19 जनवरी को होने वाले चुनाव के लिए उनके नाम को मंजूरी दे दी है। लेप्चा वर्तमान में पाकयोंग जिले की गनाथांग माचोंग सीट से विधायक हैं। लेप्चा पिछली एसडीएफ सरकार में मंत्री थे। वह 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद नौ अन्य पार्टी विधायकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए थे। जिसके बाद एसकेएम सत्ता में आई। लेप्चा ने कहा कि वह नौ जनवरी को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। राज्य में राज्यसभा की एकमात्र सीट वर्तमान में विपक्षी एसडीएफ के हिशे लाचुंगपा के पास है। उनका कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है।

**केजरीवाल का गुजरात का दौरा,** रैली को किया संबोधित

# भरूच से वसावा होंगे AAP प्रत्याशी आदिवासी मतों पर साधा निशाना


- आप की घोषणा से इंडिया के साथ सीटों के बंटवारे पर हो सकती है रार

**एजेंसी** | भरूच

लोकसभा चुनावों की तैयारी में जुटे आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल रविवार को अपना गुजरात का दो दिवसीय दौरा विपक्षी गठबंधन को झटका देते हुए किया। केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव के लिए गुजरात की भरूच सीट से अपनी पार्टी के उम्मीदवार की घोषणा कर दी है।

उन्होंने नेत्रांग में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भरूच लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी के विधायक चैतर वसावा चुनाव लड़ेंगे। ज्ञात रहे कि वसावा इस समय जेल में हैं। पर केजरीवाल ने कहा कि वसावा जेल में रहते हुए भी भरूच सीट से चुनाव लड़ेंगे। यह घोषणा ऐसे समय में जब इंडिया गठबंधन में सीटों का बंटवारा भी नहीं हुआ है। इससे पहले जनता दल (यू) ने अरुणाचल प्रदेश की पश्चिम लोकसभा सीट से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रुचि तंगुक को प्रत्याशी बनाने की घोषणा की थी। सूत्रों के अनुसार केजरीवाल ने वसावा के नाम की घोषणा कर आदिवासी मतों को साधने का भी प्रयास किया है। केजरीवाल ने कहा, मैं ऐलान करना चाहता हूं कि आम आदमी पार्टी की तरफ से चैतर वसावा भरूच सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। गौरतलब है कि गुजरात के डेडियापाड़ा से आप विधायक चैतर वसावा वन विभाग से जुड़े एक मामले में जेल में हैं।





## सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस-आप की बैठक आज: खुर्शीद

इस बीच, कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि सोमवार को दोपहर 12 बजे आम आदमी पार्टी के साथ कांग्रेस की सीटों के बंटवारे पर बात होगी। जानकारी के मुताबिक, आप की ओर से सांसद संदीप पाठक, कैबिनेट मंत्री अतिशी और सौरभ भारद्वाज बैठक में शामिल होंगे। कांग्रेस ने रविवार से दिल्ली में सहयोगी दलों के साथ सीटों के बंटवारे पर तीन दिवसीय मंथन शुरू किया। खुर्शीद ने कहा कि कल यानी सोमवार को कांग्रेस पार्टी सीट शेयरिंग के मसले को लेकर आम आदमी पार्टी के साथ मीटिंग करेगी। इस दौरान सीटों के बंटवारे पर विस्तार से बात होगी। खुर्शीद ने कहा, पार्टी की विभिन्न दलों के साथ बैठक जारी रहेगी। हम बैठक में सबसे पहले वहां की सीटों के बारे में हमारी समझ रख रहे हैं फिर उनसे उनका आकलन पूछ रहे हैं। बातचीत बहुत अच्छे से हुई है।

### दोनों पार्टियों के सामने यह है चुनौती

सूत्रों के अनुसार दिल्ली में कांग्रेस का आम आदमी पार्टी के साथ सीटों के बंटवारे को लेकर तालमेल नहीं बैठ पा रहा है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में पंजाब के लोगों से 13 में से 13 लोकसभा सीटें मांगी थी। वहीं, पंजाब में कांग्रेस व आम आदमी पार्टी एक दूसरे पर हमलावर हैं।

### आदिवासी समाज के लिए अपमान की बात

केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी ने चैतर वसावा को गिरफ्तार कर लिया, आदिवासी समाज के नेता को गिरफ्तार कर लिया। केजरीवाल ने दावा किया कि वसावा को पिछले महीने केवल इसलिए गिरफ्तार कर लिया गया था क्योंकि वह आदिवासी समुदाय के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे थे। केजरीवाल ने कहा, सबसे दुख की बात यह है कि उनकी पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया। शकुंतला बेन चैतर वसावा की पत्नी हैं, लेकिन हमारे समाज की बहू हैं। यह पूरे आदिवासी समाज के लिए अपमान की बात है। चैतर वसावा आदिवासी समाज का उभरता नेता है। भाजपा आदिवासी समाज के खिलाफ है। गुजरात में भाजपा का तीस साल से राज है, गांवों में क्या किया, कुछ नहीं किया। आगे भी कुछ नहीं करने वाली।

**अजित पवार ने चाचा पर कसा तंज**

# कुछ लोग 84 साल के बाद भी नहीं होना चाहते हैं रिटायर



**एजेंसी** | मुंबई

राकांपा से अलग हुए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अपने ही चाचा और पार्टी के संस्थापक शरद पवार पर परोक्ष रूप से कटाक्ष किया हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों का 80 साल के होने के बावूजद उनका राजनीति से मोह भंग नहीं हो रहा हैं।

ऐसे लोग सेवानिवृत होने के लिए तैयार ही नहीं हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के कर्मचारी 58 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत्त हो जाते हैं। अजित ने कहा कि हम यहां काम करने आए हैं। लोगों की सेवा करने के लिए हम सरकार में शामिल हुए हैं। ऐसे मुद्दे जिन्हें सरकार में रहकर ही हल किया जा सकता हैं, उसके लिए हम सरकार में शामिल हुए हैं। अजित पवार ने यह टिप्पणी पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए की है। अजित ने कहा कि ज्यादातर लोग 75 की उम्र में अपने सक्रिय पेशे से रिटायर हो जाते हैं, लेकिन कुछ लोग 84 वर्ष की आयु में भी रिटायर होने को तैयार नहीं हैं।

दूसरी ओर, अजित ने मराठा आरक्षण की मांग कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे को परोक्ष चेतावनी दी हैं। उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं हैं। गौरतलब है कि मराठा समुदाय की आरक्षण की मांग पर इन दिनों बहस चल रही है।

कुछ लोग मुंबई आकर अपनी मांग उठाने की बात करते हैं। अगर कानून हाथ में लेने की कोशिश की गई तो किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

**बसपा का अखिलेश पर पलटवार**

# सपा प्रमुख खुद अपने गिरेबान में झांक कर देखें: मायावती

**एजेंसी** | लखनऊ

बसपा को विपक्षी गठबंधन में शामिल करने की चर्चा के बीच समाजवादी पार्टी और बसपा प्रमुखों के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। बसपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। अखिलेश ने शनिवार को बलिया में एक बयान में बसपा की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया था और कहा था कि बसपा के गठबंधन में शामिल होने के बाद चुनाव नतीजों के बाद की



क्या गारंटी है। इस पर मायावती ने रविवार को पलटवार करते हुए कहा कि बसपा पर अनर्गल तंज कसने से पहले सपा प्रमुख को अपने गिरेबान में झांककर जरूर देखना चाहिए कि भाजपा को आगे बढ़ाने व मेलजोल में उनका दामन कितना दागदार है। अखिलेख के बयान को लेकर मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी एक टिप्पणी में यह बात कही। मायावती ने सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, तत्कालीन सपा प्रमुख द्वारा भाजपा को संसदीय चुनाव जीतने से पहले व उपरान्त आर्शीवाद दिए जाने को कौन भुला सकता है और फिर भाजपा सरकार बनने पर उनके नेतृत्व से सपा नेतृत्व का मिलना-जुलना जनता कैसे भुला सकती है। ऐसे में सपा साम्प्रदायिक ताकतों से लड़े तो यह उचित होगा।

## शिवसेना (यूबीटी) दक्षिण मुंबई सीट पर दावा बंद करे

**मुंबई।** मुंबई दक्षिण लोकसभा सीट को लेकर एमवीए में घमासान जारी है। शिवसेना (यूबीटी) ने इस सीट पर दावे के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मिलिंद देवड़ा ने कहा है कि एमवीए के लिए आगामी चुनाव आसान नहीं होगा और किसी को दावे नहीं करने चाहिए।

उन्होंने कहा कि अगर गठबंधन के एक सहयोगी के इस तरह के बयान नहीं रुकते तो उनकी पार्टी भी लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर सकती है। एमवीए में उद्धव ठाकरे की शिवसेना, शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस शामिल हैं।

**लोकसभा चुनाव:** सपा की आज, कल और 11 को बैठक

# पार्टी उम्मीदवारों के चयन और रणनीति पर करेगी गहन मंथन

**एजेंसी** | लखनऊ

विपक्षी गठबंधन इंडिया की सीटों पर बंटवार को लेकर जल्द होने वाली बैठक के बीच समाजवादी पार्टी की लोकसभा चुनाव को लेकर तीन दिन अहम बैठक 8, 9 और 11 जनवरी को होगी। बैठक में पार्टी संभावित चुनावी रणनीति और उम्मीदवारों के चयन पर मंथन कर सकती है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अलग-अलग बैठक बुलाई है। बैठक में अखिलेश यादव के साथ प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम, राम गोपाल यादव और शिवपाल यादव के भी शामिल होने की उम्मीद है। अखिलेश यादव ने 8 जनवरी को प्रदेश मुख्यालय समाजवादी पार्टी के दफ्तर पर सभी जिलाध्यक्षों, महानगर अध्यक्षों की बैठक बुलाई है। इसके साथ ही 9 जनवरी को सभी विधायकों, विधानसभा चुनाव में हारे प्रत्याशियों के साथ बैठक है। 11 जनवरी को सभी विधानसभा प्रभारियों के साथ बैठक होगी। बैठक में सभी नेता अपने अपने इलाकों की लिखित रिपोर्ट सौंपेंगे।

### इस बिंदुओं पर सौंपी जाएगी रिपोर्ट

- सपा किस लोकसभा क्षेत्र में किस व्यक्ति को उम्मीदवार बना सकती है
- किस जाति या समुदाय से हो सकता है प्रत्याशी
- संबंधित इलाके के समीकरण क्या हैं
- सपा कहां लड़े और गठबंधन को कौनसी सीट दे सकती है
- सपा की स्थिति कहां कमजोर है

**बिहार में चुनावी चौसर पर रणनीति की बिसात**

# PM की रैली से चुनावी शंखनाद व समीकरण साधने की तैयारी में भाजपा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विपक्षी गठबंधन इंडिया का संयोजक बनाने की बढ़ती चर्चाओं और सियासी सरगर्मी के बीच भाजपा ने बिहार में चुनावी समीकरण साधने की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली के साथ करने की तैयारी में जुटी है।

पीएम मोदी 13 जनवरी को चंपारण जिले के बेतिया शहर में एक रैली को संबोधित की संभावना है।

समझा जाता है कि इस रैली से भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपने अभियान की शुरुआत कर सकती है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी की ओर से पूरे बिहार में सड़कों और पुलों सहित विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने की भी उम्मीद है।

भाजपा ने बिहार में 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए व्यापक योजना बनाई हैं। पार्टी का लक्ष्य राज्य की सभी 40 सीटों पर जीत हासिल करना है।

ज्ञात रहे कि इस बार बिहार में राजनीतिक परिदृश्य 2019 के चुनाव से अलग है। तब भाजपा जेडीयू के साथ राज्य में सत्ता में थी। इस बार वह विपक्ष में है, जबकि जेडीयू महागठबंधन सरकार का हिस्सा है।



### नड्डा व शाह के दौरों की भी है योजना

पार्टी सूत्रों का कहना है कि पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा जनवरी और फरवरी के दौरान बिहार में कई रैलियों को संबोधित कर सकते हैं। सभी प्रमुख रैलियां 15 जनवरी के बाद होने की उम्मीद है, जब चुनाव प्रचार प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे। पीएम मोदी राज्य के बेगुसराय, बेतिया और औरंगाबाद में तीन रैलियों को संबोधित कर सकते हैं।

### अमित शाह की रैलियों की भी तैयारी जारी

इसी तरह, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जनवरी और फरवरी के दौरान सीतामढी, मधेपुरा और नालंदा में सभाओं को संबोधित करने की उम्मीद है। जेपी नड्डा भी कई जगहों पर रैलियां कर सकते हैं, खासकर बिहार के सीमांचल और पूर्वी इलाकों पर उनकी नजर रहेगी।

### नीतीश जमीनी स्तर पर पकड़ मजबूत करने में जुटे



दूसरी ओर राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटे हैं। नीतीश ने इस क्रम में स्थानीय स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मिल रहे हैं। शनिवार को उन्होंने जीविका दीदी के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और उनकी कई समस्याओं को तत्काल हल करने का निर्देश दिया। उनके मानदेय को बढ़ाने का आश्वासन तो दिया ही साथ ही हड़ताल अवधि में चयनमुक्त आंगनबाड़ी सेविकाएं और सहायिकाओं को पुनः चयन भी कर लिया। वहीं , रविवार को मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्यों तथा सरपंच, उप सरपंच एवं पंचों के शिष्टमंडल ने सीएम नीतीश से मुलाकात की और अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। मुख्यमंत्री ने भी उनकी समस्याओं को सुनने के बाद उनके मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि की बात कही। वहीं,नीतीश ने याद दिलाया कि पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकायों के चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण से समाज का कितने लाभ हुआ। इसके कारण बड़ी संख्या में महिलाएं समाज का नेतृत्व करने को लेकर आगे आईं। नीतीश कुमार ने इस दौरान मुखिया, उपमुखिया, वार्ड पार्षद के जनप्रतिनिधियों से कहा कि समाज में सभी को साथ लेकर चलें और समस्याओं का समाधान करें।

## जरूरी खबर

### रक्षा मंत्री की तीन दिन की ब्रिटेन यात्रा आज से



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार से ब्रिटेन की तीन दिवसीय महत्वपूर्ण यात्रा पर जाएंगे। 22 साल में पहली बार भारत के रक्षा मंत्री ब्रिटेन की यात्रा करने जा रहे हैं। रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय साझेदारी के लिए यह यात्रा बेहद ही अहम मानी जा रही है। 3 दिवसीय यात्रा के दौरान सिंह ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स के साथ व्यापक बातचीत करेंगे। उम्मीद है कि सिंह औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करेंगे। लंदन में वह महात्मा गांधी और डॉ. बी.आर. अम्बेडकर स्मारक का भी दौरा कर सकते है। राजनाथ सिंह के साथ रक्षा मंत्रालय का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी यात्रा पर जाएगा।

### पांच सांसदों को मिलेगा संसद रत्न पुरस्कार

**नई दिल्ली।** भाजपा के सुकांत मजूमदार और शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे सहित पांच लोकसभा सदस्यों को इस साल संसद रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है। इसके आयोजकों ने रविवार को यह घोषणा की। भाजपा के सुधीर गुप्ता, राकांपा के अमोल रामसिंग कोल्हे और कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा को भी इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। इन सांसदों को 17 फरवरी को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक समारोह के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा।

### शीतलहर की चपेट में आया पूरा उत्तर भारत



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत पूरा उत्तर भारत कोहरे और भीषण शीतलहर की चपेट में है। दिल्ली और आस-पास के कई राज्यों में सूर्य देवता के दर्शन ही मुश्किल से हो रहे हैं। मौसम विभाग ने तो पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी मध्य प्रदेश में सोमवार यानी 8 जनवरी को ओले गिरने की भी संभावना जताई है, वहीं तमिलनाडु में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी है। सर्दी की सबसे ज्यादा मार दिल्ली-एनसीआर इलाकों में है। ठिठुरन और कोहरे के चलते स्कूलों में छुट्टियां भी बढ़ा दी गई हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले हफ्ते भी बहुत राहत की उम्मीद नहीं है। 8 जनवरी यानी सोमवार से 13 जनवरी के बीच मौसम एक जैसा रहेगा।

## उपराष्ट्रपति ने किया शैक्षणिक कार्यक्रम का उद्घाटन





*हमीरपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में 'एक से श्रेष्ठ' के 500वें केंद्र के शुभारंभ किया। 'एक से श्रेष्ठ' केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा उनके संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में चलाया जा रहा एक शैक्षणिक कार्यक्रम है।*

### रोहित शर्मा व विराट की टी-20 टीम में हुई वापसी



**मुंबई।** अफगानिस्तान के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने जा रही तीन मैच की टी-20 श्रृंखला के लिए रविवार शाम 16 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई। हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव दोनों ही चोट के चलते सीरीज से बाहर हैं, ऐसे में टीम की कमान वनडे कप्तान रोहित शर्मा को ही सौंपी गई है। विराट कोहली की भी लंबे समय बाद वापसी हुई है। ईशान किशन को आराम देकर संजू सैमसन और नए विकेटकीपर जितेश शर्मा को मौका दिया गया है। भारत की टीम्रः रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश और मुकेश कुमार।

भारत और पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी पड़ी भारी

# मालदीव की सरकार ने अपने 3 मंत्रियों को किया पद से सस्पेंड!

■ सेलिब्रिटीज आए भारत सरकार के समर्थन में, पर्यटकों की नजर चढ़ा देश का लक्षद्वीप

## भारत ने आपत्तिजनक टिप्पणी पर जताया था मालदीव सरकार से विरोध



**एजेंसी | नई दिल्ली/माले**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना मालदीव के मंत्रियों को भारी पड़ गया है। मालदीव सरकार ने अपनी मंत्री मरियम शिउना को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा दो अन्य उप मंत्री मालशा औरअब्दुल्ला महज़ूम माजिद को भी उनके पद से निलंबित कर दिया है। हालांकि एक अन्य उपमंत्री सन जिहान ने निलंबन की रिपोर्ट को किया खारिज। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार विवादित बयान देने वाले मंत्रियों को तत्काल प्रभाव से पद से निलंबित कर दिया गया है। इससे पहले मालदीव की मंत्री मरियम शिउना ने पीएम मोदी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस पर भारत ने नाराजगी जताई थी और मामले को राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़्ज़ू सरकार के सामने उठाया था। माले में भारतीय उच्चायुक्त ने टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई थी। इसके बाद मालदीव सरकार ने बयान जारी कर कहा था कि यह उनकी व्यक्तिगत राय है।

दूसरी ओर भारत के कई सेलेब्रिटीज ने लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की तारीफ और समर्थन किया। मामला बढ़ता देख मालदीव की तरफ से डैमेज कंट्रोल की कोशिश भी हुई। लेकिन चीजें हाथ से निकलती चली गईं और आखिर मालदीव सरकार को अपने मंत्रियों पर कार्रवाई करनी पड़ी

### मालदीव के मंत्री ने कसा था तंज

मालदीव के मंत्री अब्दुल्ला मोहज़ुम माजिद ने लिखा कि 'मालदीव के पर्यटन को निशाना बनाने के लिए मैं भारत के पर्यटन को शुभकामनाएं देता हूं, लेकिन भारत को हमारे बीच पर्यटन से कड़ी टक्कर मिलेगी। हमारा रिजॉर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर ही इनके पूरे इंफ्रास्ट्रक्चर से ज्यादा है।' इस पोस्ट में पीएम मोदी को भी टैग किया गया है। मालदीव के एक अन्य नेता जाहिद रमीज ने सोशल मीडिया पर पीएम मोदी द्वारा लक्षद्वीप में पर्यटन बढ़ाने को लेकर लिखा कि 'बेशक यह अच्छा कदम है, वह हमारे जैसी सर्विस कैसे देंगे? साथ ही वहां के बीच साफ कैसे रह सकते हैं? कमरों में हमेशा रहने वाली बदबू भी सबसे बड़ी चुनौती है।

### यूं लगी मालदीव को मिर्ची



गत दिनों पीएम मोदी ने लक्षद्वीप का दौरा किया था। इसी दौरान उन्होंने बीच पर सुबह की सैर की और समुद्र में गोता भी लगाया। इसके बाद पीएम मोदी ने ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने लक्षद्वीप की सुंदरता की प्रशंसा की। उन्होंने लक्षद्वीप के समुद्रतट की कुछ तस्वीरें भी साझा की। वहीं, पीएम ने देशवासियों से लक्षद्वीप की सैर करने का आग्रह करते हुए एक पोस्ट भी किया। उन्होंने लिखा था मैंने यहां स्नॉर्कलिंग भी की। साथ ही कहा कि अगर कोई बाहर घूमने की योजना बना रहा है तो लक्षद्वीप उनकी सूची में होना चाहिए। पीएम की इस टिप्पणी के बाद अचानक लोग गूगल पर लक्षद्वीप कैसे पहुंचें, सर्च करने लगे। ज्ञात रहे कि बड़ी संख्या में भारतीय खासकर बॉलीवुड की हस्तियां मालदीव के दौरे पर जाते हैं।

### मालदीव के पूर्व राष्ट्रपतियों ने की अपने ही देश के मंत्रियों की आलोचना

इस मामले में मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद और इब्राहिम मोहम्मद सोलिह तथा पूर्व उपराष्ट्रपति अहमद अदीब ने भी अपने देश के मंत्रियों और सांसद की टिप्पणियों की आलोचना की थी। नशीद ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा,मालदीव सरकार की एक प्रतिनिधि मरियम शिउना कितनी भयावह भाषा बोल रही हैं। वो भी एक ऐसे प्रमुख सहयोगी देश के नेता के लिए, जिससे संबंध मालदीव की सुरक्षा और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। सोलिह ने ने कहा कि मंत्रियों की भारत के खिलाफ इस्तेमाल की जा रही घृणास्पद भाषा की निंदा करता हूं।

### सोशल मीडिया: ट्रेंड हुआ बॉयकॉट मालदीव

मालदीव की मंत्री के भारत विरोध बयान के बाद भारत में रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हैशटेग बॉयकॉट मालदीव जमकर ट्रेंड हो रहा है। भारत के लोगों का गुस्सा मालदीव पर फूट गया है। लोग मालदीव को खूब खरी-खोटी सुना रहे हैं। लोगों का कहना है कि टूरिज्म पर निर्भर मालदीव को भारत की ताकत का अंदाज ही नहीं है। इतना ही नहीं कई लोग हैं जो मालदीव की यात्रा कैंसिल कराकर अब लक्षद्वीप को तरजीह दे रहे हैं।

### लक्षद्वीप: तीन दिन में 7000 लोगों ने कराई देशभर से बुकिंग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लक्षद्वीप के दौरे के साथ ही लक्षद्वीप एकदम से पर्यटकों की निगाह में आ गया। बीते तीन दिनों में उनके पास लक्षद्वीप को लेकर जितनी बुकिंग को लेकर कॉल आई हैं उतनी आज तक कभी नहीं आईं। एक मोटे अनुमान के अनुार टूर ऑपरेटर के पास पूरे देश से तकरीबन 7000 से ज्यादा बुकिंग सिर्फ लक्षद्वीप के लिए हुई हैं।

अयोध्या: राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह

## ग्यारह दंपती होंगे यजमान, कड़े नियमों का करना होगा पालन

**एजेंसी | अयोध्या**



अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयारियां जोरों पर जारी हैं। रामलला के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में कुल 11 दंपती यजमान की भूमिका का निर्वहन करेंगे। इन यजमानों को लगभग दस दिन तक कुछ नियमों का पालन करना होगा। 15 जनवरी से आठ दिन तक 45 नियमों के अनुरूप यजमानों को ढालना होगा। काशी के विद्वान पंडित गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ ने श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद गिरि को पत्र भेज कर यजमानों के लिए कुछ नियमों का उल्लेख किया है, जिसका यजमान अनुपालन करेगा। द्रविड़ के अनुसार, यजमानों को नित्य सुबह स्नान करना होगा। बाहरी भोजन व धूम्रपान त्यागना होगा। क्रोध, अहंकार, एवं मद से मुक्त रह कर मन को विचलित करने के दृश्य व वीडियो से दूर रहना होगा। साथ ही ब्राह्मणों को संतुष्ट करना होगा। सच बोलने के व्रत में बाधा आने पर मौन रहना होगा। आचार्य, ब्राह्मण और ऋत्विजों से झगड़ा, कठोर वचन व कटु भाषण देने को वर्जित किया है।

यजमान सदविचार व सदचिंतन युक्त होंगे। पुरुष यजमान सिला हुआ सूती वस्त्र नहीं पहनेंगे। पत्नियां लहंगा, चोली जैसी सिले वस्त्र पहन सकेंगी। स्वेटर, ऊनी, शॉल, कंबल धारण कर सकेंगे। खटिया पर बैठना सोना वर्जित है। पुरुष व महिला को आसन के लिए कंबल का प्रयोग करना होगा। संपूर्ण कार्य होने के पहले रोजाना बिछौना पर बैठना तथा नित्य दाढ़ी व नख निकालना वर्जित है।

## रामज्योति लेकर काशी पहुंचीं मुस्लिम महिलाएं

■ श्रीराम का मंदिर संघर्षों और हिंसा से बचाने के लिए प्रेरक के रूप में करेगा काम

**एजेंसी | वाराणसी**

अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों के बीच काशी की कई मुस्लिम महिलाएं अयोध्या से रामज्योति लेकर रविवार को काशी पहुंचीं। रास्ते में जौनपुर में कई स्थानों पर रामज्योति यात्रा का स्वागत किया गया। रामज्योति का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई। अयोध्या से रामज्योति लेकर लौटीं मुस्लिम महिला फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नाजनीन अंसारी ने कहा कि भगवान श्रीराम का मंदिर संघर्षों और हिंसा से बचाने के लिए प्रेरक के रूप में काम करेगा।

वायुसेना ने फिर प्रदर्शित की अपनी बेजोड़ क्षमता

# अंधेरे में करगिल में उतरा हरक्यूलिस विमान C-130 J

**एजेंसी | नई दिल्ली**




भारतीय वायु सेना की उपलब्धियों में एक और बड़ा मील के पत्थर जुड़ गया है। वायुसेना के हरक्यूलिस विमान (आईएएफ सी-130 जे) ने करगिल हवाई पट्टी पर रात के अंधेरे में सफल लैंडिंग कर अपनी बेजोड़ क्षमता का प्रदर्शन किया है। वायुसेना ने रात के समय सफलतापूर्वक विमान उतारने का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, पहली बार वायुसेना के सी-130 जे विमान ने करगिल हवाई पट्टी पर रात्रि के समय सफल लैंडिंग की है। इस ट्रेनिंग के दौरान टेरेन मास्किंग का काम करते हुए गरुड़ कमांडो को भी तैनात किया गया। बता दे कि टेरेन मास्किंग एक सैन्य रणनीति है, जिसका इस्तेमाल दुश्मन के रडार से बचने के लिए पहाड़ों, पहाड़ियों, जंगलों जैसी प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। इसका उद्देश्य दुश्मन से छिपकर अपने मिशन को अंजाम देना होता है। ज्ञात रहे कि पिछले साल नवंबर में वायुसेना ने अपने 2 लॉकहीड मार्टिन सी-130जे-30 'सुपर हरक्यूलिस' सैन्य परिवहन विमानों को उत्तराखंड में अल्पविकसित हवाई पट्टी पर सफलतापूर्वक उतारा था। दरअसल, वहां एक निर्माणाधीन पहाड़ी सुरंग के अंदर कुछ श्रमिक फंसे हुए थे, जिन्हें बचाने में मदद के लिए उपकरण पहुंचाने की खातिर खराब मौसम में भी यह मिशन चलाया गया।

### चुनौतीपूर्ण होती है रात के समय लैंडिंग

करगिल चारों ओर से पहाड़ों से घिरा हुआ है। सर्दियों के समय वहां बर्फबारी भी होती रहती है। ऐसे में विमानों को लैंडिंग के दौरान रात के अंधेरे में न सिर्फ पहाड़ों से बचना होता है, बल्कि सिर्फ नेविगेशन का ही सहारा लेना पड़ता है।

### 19टन वजन को लेकर उड़ान भर सकता है सी-130जे विमान

सी-130 जे सुपर हर्क्यूलस विमान को उड़ाने के लिए कम से कम तीन क्रू मेंबर्स की जरूरत है, जिसमें दो पायलट और एक लोडमास्टर होता है। विमान में 19 टन सामान को लोड कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जा सकता है। यह चार रोल्स-रॉयस एई 2100डी3 टर्बोप्रॉप इंजन के जरिए चलता है। सी-130जे विमान एक घंटे में 644 किलोमीटर का सफर तय कर सकता है। यह बिना तैयार रनवे से छोटी उड़ान भरने और लैंडिंग में सक्षम है।

CJI ने वकीलों को किया संबोधित

## ऐसे करें काम, न्याय की ध्वजा हमेशा फहराती रहे

**एजेंसी | राजकोट**

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने मंदिरों पर लगे ध्वजों से प्रेरणा लेते हुए जिला अदालतों के वकीलों से इस तरह काम करने के लिए कहा कि आने वाली पीढ़ियों तक न्याय की ध्वजा फहराती रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे समाज की कल्पना करें जहां हर एक नागरिक को इंसाफ का अधिकार मिले। सीजेआई चंद्रचूड़ राजकोट में जिला अदालतों के वकीलों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोग सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट नहीं आते। उन्होंने जिला अदालतों के वकीलों से कहा कि बार के सदस्यों के रूप में आपको नागरिकों में आत्मविश्वास पैदा करना होगा। द्वारका और सोमनाथ मंदिरों के ऊपर ध्वजा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं आज सुबह द्वारकाधीश जी में ध्वजा से प्रेरित हुआ। ऐसी ही ध्वजा मैंने जगन्नाथ पुरी में देखी थी। लेकिन हमारे देश की परंपरा की इस सार्वभौमिकता को देखिए, जो हम सभी को एक साथ बांधती है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि उन्होंने न्यायपालिका के सामने आने वाली चुनौतियों को समझने और समाधानों को खोजने के लिए महात्मा गांधी के जीवन और आदर्शों से प्रेरित होकर कई राज्यों का दौरा करना शुरू कर दिया है।

## क्वीन ऑफ राजस्थान: ग्रैंड फिनाले में फाइनलिस्ट मॉडल्स ने किया पार्टिसिपेट

# ड्रेसज और कैट वॉक में नजर आई राजस्थान की गौरवशाली संस्कृति

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश का टैलेंट ब्यूटी क्वीन्स के रूप में जयपुर में सामने आया। छोटे शहरों की गर्ल्स ने मेट्रो सिटीज की मॉडल्स से मुकाबला किया और स्वयं को साबित किया। ग्रेंड फिनाले था तो कॉम्पीटिशन भी टफ रहा और फिर कई राउंड के बाद विनर्स सामने आए। ये सब देखने को मिला कल्याण एंड संस प्रॉडक्शन हाउस की ओर से अजमेर रोड स्थित होटल अमर पैलेस में मिस व मिसेज कैटेगरी के स्टेट लेवल ब्यूटी पेजेंट क्वीन ऑफ राजस्थान-2024 सीजन-3 के ग्रैंड फिनाले में। आयोजक मोनू वर्मा ने बताया कि फिनाले में मिस एंड मिसेज कैटेगरी की 18 से 45 एज ग्रुप तक की टॉप 24 फाइनलिस्ट मॉडल्स ने 4 फैशन सीक्वेंस में रैंप वॉक कर डिजाइनर फैशन कलेक्शन शोकेस किए।





### 1000 प्रतियोगियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

वेस्टर्न और ट्रेडिशनल थीम पर पेजेंट को डिजाइन किया गया। टाइटल के लिए पूरे राजस्थान से लगभग 1000 से अधिक गर्ल्स व वुमंस ने रजिस्ट्रेशन किया था। सभी ने अलग-अलग ऑडिशन राउंड्स में टैलेंट व स्किल्स के जरिए भाग्य आजमाया। इनमें से मिस व मिसेज दोनों कैटेगरी को मिलाकर टॉप 24 कैंडिडेट्स को फाइनल राउंड के लिए सेलेक्ट किया गया। पेजेंट से राजस्थान के कल्चर व संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ राजस्थानी सभ्यता को प्रमोट किया गया। इस दौरान मॉडल्स ने राजस्थान की संस्कृति के रंग अपनी ड्रेस और कैट वॉक में दर्शाए।

### इन्होंने निभाई अहम भूमिका

फैशन इवेंट में फैशन कलेक्शन दीपा भाटी और सुनीता जसवानी द्वारा रिप्रेजेंट किया गया तो वहीं, मॉडल्स का खूबसूरत मेकओवर पूनम महीच और हिमांशी मानसिंघानी की ओर से किया गया। जूरी मैंबर के तौर पर प्रेरणा मंडलोई और सेलिब्रिटी गेस्ट के तौर पर निष्ठा और सुरेंद्र सिंह मौजूद रहे। फिनाले की फोटोग्राफी फोटोग्राफर अनिल ने की।



## उपमुख्यमंत्री का अभिनंदन



**बेधड़क, जयपुर।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा का भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अतुल गुप्ता ने अभिनंदन किया। डॉ. गुप्ता ने उनके आवास पर मुलाकात कर बधाई देते हुए आयुर्वेद में बेहद उपयोगी औषधीय पौधों की खेती को लेकर डॉ. बैरवा से चर्चा की। उन्होंने प्रदेश में औषधीय व जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए विभागीय स्तर पर कार्य योजना तैयार करने का आग्रह किया।

## भैरूजी के पौषबड़ों का भोग

**बेधड़क. जयपुर।** त्रिवेणी चौराहे पर भैरूजी महाराज के मंदिर पर पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। सर्वसमाज के इस महोत्सव के बारे में पिंक सिटी ऑटो चालक के यूनियन अध्यक्ष शशिकांत खटीक ने बताया कि श्रीचमत्कारेश्वर भैरूंजी व माताजी की कृपा से ऑटो स्टॉफ और भक्तजन हर साल यह आयोजन करते हैं। महोत्सव में चिरंजी लाल बागड़ी अध्यक्ष गोपालपुरा, मनमोहन पहाड़िया, राजकुमार गवेंद्रा, अमन गुढ़ा, दीपक बगड़ी, मुकेश चांवला, अशोक, चिरंजी पहाड़िया, रोशन नागर, राजेंद्र सैनी, अशोक महंडवारिया, उखम चंद मल्होत्रा व समस्त ऑटो चालक यूनियन त्रिवेणी नगर गोपालपुरा उपस्थित रहे।

## जागृति संस्थान प्रांत की सभा



**बेधड़क, जयपुर।** अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान प्रांत राजस्थान की सभा आर्यिका विशेष मति माताजी के सानिध्य में आयजित की गई। प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला की अध्यक्षता में सभा का शुभारंभ शकुंतला बिंदायक्य के मंगला चरण तथा महामंत्री सुनील पहाड़िया के स्वागत संबोधन से हुआ। डॉ. शीतल चंद शास्त्री ने आचार्य वसुनंदी द्वारा बोलखेड़ा में उपाध्याय पद पर पदारोहित नव द्वय मुनि राज ऋषब नंद व विज्ञा नंद का गुणानुवाद किया। साधु की पिच्छि प्राप्त करने वाले मुनि भक्त मीरा मार्ग समाज के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया, जनकपुरी की अक्षिता साखूनिया तथा प्राची जैन का व संस्थान संरक्षक बनने पर ओम प्रकाश काला मामाजी व राजीव गाजियाबाद का संस्थान अध्यक्ष पदम जैन बिलाला व सदस्यों द्वारा अभिनंदन किया गया।

## City इवेंट्स

### बाबा भैरवनाथ का पुष्पों से श्रृंगार



**बेधड़क, जयपुर।** गोपालजी का रास्ता खो वालों का चौक स्थित भैरव बाबा मंदिर में पौषबड़ा प्रसादी का आयोजन किया गया। संयोजक गोविंद अग्रवाल ने बताया कि 15 वर्षों से निरंतर पंगत का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान बाबा भैरवनाथ का पुष्पों से श्रृंगार किया गया। गिर्राज पंसारी ने बताया कि भजन मंडली ने भजनों से लुभाया। इस अवसर पर अनिल गोस्वामी, दिनेश शर्मा आशीष महाराज, राम महाराज ने भैरव बाबा के हाजिरी लगाई।

### 300 प्रतिभाओं का किया सम्मान



**बेधड़क, जयपुर।** वीर शिरोमणि नाथाजी स्मृति संस्थान की ओर से रविवार को जयपुर के झोटवाड़ा स्थित फतेह निवास में नाथाजी जयंती मनाई गई। संस्थान सचिव मोती सिंह सांवली ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व नौसेना अध्यक्ष एडमिरल माधवेंद्र सिंह व संत बालक दास महाराज ने की। सम्मान समारोह में 300 से ज्यादा समाज की उत्कृष्ट प्रतिभाओं और वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। सह-संयोजक रणवीर सिंह सिराणी ने बताया कि कार्यक्रम में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया, जिसमें 500 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। कार्यक्रम में रावल राघवेंद्र सिंह, सांसद रामचरण बोहरा, राजपूत सभा भवन अध्यक्ष रामसिंह चंदलाई, बालकदास महाराज, क्षत्रिय युवक संघ के लक्ष्मण सिंह समेत कई लोगों ने संबोधित किया।

### टोंक रोड स्टार्स ने जीता AMPL



**बेधड़क, जयपुर।** अग्रवाल वैश्य जागरूक मंडल समिति, देवी नगर के तत्वावधान में एएमपीएल-2024 में सुभाष नगर सनराइजर्स और टोंक रोड स्टार्स के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। स्टार्स ने सनराइजर्स को 7 विकेट से हराया। सनराइजर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर्स में सभी विकेट खो कर मात्रा 34 रन बनाए, जो स्टार्स ने थोड़ी मशक्कत के बाद 3 विकेट खोकर बना लिए। प्लेयर ऑफ द मैच स्टार्स की रुचि रही, जिन्होंने बल्लेबाजी में 16 गेंदों पर 15 रन और गेंदबाजी में 3 ओवर में 2 रन देकर 3 विकेट लिए। एएमपीएल के प्लेयर ऑफ द सीरीज-साक्षी मोदी (सुभाष नगर) रहीं।

## रैली में दौड़े जयपुरराइट्स

# 'टफ मैन जयपुर रन' में लोगों को किया स्वास्थ्य के प्रति जागरूक



बेधड़क | जयपुर

'टफ मैन जयपुर रन' की ओर से गुलाबी नगरी में 10 किलोमीटर की रन का आयोजन हुआ। रन की शुरुवात अक्षयपात्र महल रोड जगतपुरा से की गई, जो तीन केटेगरी में हुई।

रन में 2.5 किलोमीटर के 4 राउंड रखे गए। इस दौरान वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर विष्णु टांक ने 10 किलोमीटर रन 59 मिनट में पूरी कर जोश दर्शाया। इस दौरान शेर सिंह, सुनील, चिन्मय, प्रशांत, अरविंद, प्रदीप, महेश संदीप ने साथ में रन की। आयोजकों ने बताया कि मैराथन में प्रतिभागियों ने स्वास्थ के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश भी दिया गया।

टफ मैन जयपुर रन के दौरान विजेताओं को पुरस्कार दिए गए तो सभी प्रतिभागियों मैडल देकर सम्मानित किया। टफ मैन जयपुर रन में 10 किलोमीटर 5 किलोमीटर और 3 किलोमीटर की रन में जयपुरराइट्स उत्साह दिखाया। इस दौरान बड़ी संख्या में जयपुराइट्स मौजूद रहे, जिन्होंने हेल्दी लाइफ स्टाइल का मैसेज दिया।

सभी ने मॉर्निंग वॉक पर जाते लोगों का भी अभिवादन स्वीकार किया और लगातार दौड़ते रहे। रन में शामिल एक्सपर्ट्स ने हर उम्र के धावकों को संबोधित करते हुए कई टिप्स दिए और लगातार रनिंग करते रहने का आहवान किया। इस पर सभी ने रन करने का संकल्प लिया।

## इनफर्टिलिटी पर बोले 'बैडमैन'

# निसंतानता के लिए महिलाएं ही नहीं पुरुष भी बराबर जिम्मेदार





बेधड़क | जयपुर

'ऐसा नहीं है, कि निसंतान होना सिर्फ महिलाओं की ही गलती है। पुरुष भी बराबर के हिस्सेदार होते हैं। इस बात को ज्यादा अच्छे से स्वीकार नहीं किया जाता है। यही कारण है, कि निसंतानता के विषय पर मैं आपके सामने हूं।' कुछ ऐसे विचार थे बॉलीवुड के बैडमैन एक्टर गुलशन ग्रोवर के, जो उन्होंने निसंतानता पर बात करते हुए व्यक्त किए। नीलकंठ आईवीएफ के इनफर्टिलिटी जागरूकता कैंप के लिए अब वे जयपुर आएंगे। बॉलीवुड के बैडमैन के नाम से मशहूर गुलशन ग्रोवर ने इन्फर्टिलिटी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इन्फर्टिलिटी जागरूकता कैंप का दौरा किया।

सीनियर कंसल्टेंट रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एंड फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. सिमी सूद ने मेल इन्फर्टिलिटी के बारे में बढ़ती जागरूकता पर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही गुलशन ग्रोवर के अभियान का समर्थन किए जाने पर वे उत्साहित नजर आईं। डॉ. आशीष सूद ने इन्फर्टिलिटी या निःसंतानता की व्यापकता पर प्रकाश डाला।

विशेषज्ञों ने बताया कि लगभग 40-50% तक केसेज में पुरुष कारक भी निःसंतानता के लिए जिम्मेदार है। डॉ. सूद ने कहा, हर कपल माता-पिता बनने का हकदार है। उन्होंने बताया कि 21 जनवरी को ग्रोवर जयपुर आएंगे और लोगों से रूबरू होंगे।

## किड्स फैशन फेस्टिवल | जूनियर मॉडल्स ने शोकेस किया कलेक्शन

# एक्सपोज हुआ किड्स, मॉम्स और टीन मॉडल्स का टैलेंट

बेधड़क | जयपुर

गुलाबी फिजा में जब जूनियर मॉडल्स की कदम ताल हुई तो बच्चों का टैलेंट प्रोफेशनल्स को भी प्रभावित कर गया। इससे प्रदेश की फैशन इंडस्ट्री को भी नए आयाम मिले। यह अनूठा नजारा था किड्स फैशन शो 'किड्स फैशन फेस्टिवल-2024' का, जिसमें राजस्थान से आए 1 से 19 साल तक के किड्स मॉडल्स ने कलेक्शन शोकेस किया। साथ ही किड्स मॉडल्स मॉम सीक्वेंस में मम्मियों के साथ कदमताल करते हुए नजर आए।





### 100 मॉडल्स किए फाइनल

आयोजक अक्षय-पूर्णिमा ने बताया कि शो में अलग-अलग ऑडिशंस व अन्य चरणों से गुजरते हुए 100 मॉडल्स को फाइनल किया गया। राजस्थान के जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर, चित्तौड़गढ़ व कई शहरों से 1 से 19 वर्ष के बच्चों ने पार्टिसिपेट किया। किड्स मॉडल्स को 3 कैटेगरी में डिवाइड किया गया, जिसमें 1 से 4 (किड्स विद मॉम), 5 से 13 (किड्स) और 13 से 19 (मिस टीन राजस्थान) शामिल हैं।

### रिद्धिमा और हरमन रहे शो स्टॉपर

शो में 2 डिजाइनर सीक्वेंस में बच्चों ने फैशन कलेक्शन रिप्रेजेंट किया। पूरे फैशन इवेंट में किड्स, मॉम्स और टीन को एक ही प्लेटफॉर्म पर अपने टैलेंट को दिखाने का मौका दिया गया। इवेंट में शो स्टॉपर के तौर पर रिद्धिमा अग्रवाल और हरमन वर्मा मौजूद रहे। जूरी पैनल में कविता राजावत, डिंपल भंडारी, ईशा शर्मा आदि रहे।

सबसे बड़ा प्रतिशोध है व्यापक सफलता।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## हज कॉन्फ्रेंस में शामिल होने सऊदी अरब पहुंचीं केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी



# हज समझौता 2024 पर करेंगी हस्ताक्षर

**जेद्दा।** भारत और सऊदी अरब के बीच हज समझौता 2024 पर हस्ताक्षर करने और हज कांफ्रेंस में शामिल होने के लिए अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति इरानी रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर जेद्दा पहुंचीं। जेद्दा एयरपोर्ट पर भारतीय राजदूत डा. सुहेल खान, महावाणिज्य दूत मोहम्मद शाहिद और सऊदी के हज व उमरा मंत्रालय के अधिकारियों ने मंत्री का स्वागत किया। जेद्दा में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बताया कि हाल के वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में भारत और सऊदी अरब के बीच साझेदारी गहरी हुई है। यह यात्रा दोनों देशों के रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगी। यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री सऊदी अरब के हज और उमरा मंत्री तौफीक बिन फौजान अल राबिया के साथ द्विपक्षीय बैठक कर आगामी हज यात्रा से जुड़े आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा करेंगी। इरानी सोमवार को सऊदी अरब के हज व उमरा मंत्रालय द्वारा जेद्दा में आयोजित किए जा रहे हज व उमरा कांफ्रेंस के तृतीय संस्करण के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगी। केंद्रीय मंत्री हज समझौता 2024 पर हस्ताक्षर और बातचीत के दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी।

## हिंसा के बीच 40 प्रतिशत वोटिंग

# शेख हसीना लगातार 5वीं बार बनीं पीएम

**एजेंसी** | ढाका

छिटपुट हिंसा और मुख्य विपक्षी बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) के बहिष्कार के बीच हुए आम चुनावों में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री और अवामी लीग प्रमुख शेख हसीना रविवार को गोपालगंज-3 निर्वाचन क्षेत्र से फिर से संसद के लिए चुनी गईं। 76 वर्षीय हसीना को 249,965 वोट मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश सुप्रीम पार्टी के एम निजाम उद्दीन लश्कर को सिर्फ 469 वोट मिले। गोपालगंज के उपायुक्त और रिटर्निंग ऑफिसर काजी महबुबुल आलम ने नतीजे की घोषणा की। हसीना ने 1986 के बाद से आठवीं बार गोपालगंज-3 सीट जीती है। बांग्लादेश की वर्तमान प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी ने एक बार फिर आम चुनावों में शानदार जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ ही वे 5वीं बार देश की कमान संभालेंगी। समाचार एजेंसी एएफपी ने चुनाव निकाय के हवाले से बताया कि उनकी पार्टी को कम से कम आधी सीटें मिलीं। गौरतलब है कि संसद की 300 सीटों के लिए रविवार को मतदान हुआ। छिटपुट हिंसा, मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी के बहिष्कार के बीच कुल 40 प्रतिशत वोटिंग दर्ज की गई।



**2041 तक स्मार्ट राष्ट्र बनाने का वादा:** शेख हसीना का वादा है कि 2041 तक बांग्लादेश को स्मार्ट राष्ट्र बनाना है। उन्होंने 2030 तक युवाओं के लिए 1.5 करोड़ नौकरियों के सृजन का भी वादा किया है। स्मार्ट बांग्लादेश के लिए 11 प्राथमिकताएं तय की हैं जिनमें तकनीक युक्त देश का निर्माण करना और देश के हेल्थकेयर सेक्टर को आधुनिक बनाना है।

### बूथों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

हिंसा की आशंका को देखते हुए पोलिंग बूथों पर बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। साथ ही सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया था। इसके बावजूद कई सेंटर्स पर हिंसक घटनाएं सामने आई हैं। राजधानी ढाका के हजारीबाग में दो क्रूड बम से विस्फोट हुआ। इसमें एक बच्चे सहित चार लोग घायल हो गए। इन्हें ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोग रविवार को वोट डालने के लिए कम संख्या में बाहर निकले।

## इजराइल और हमास के बीच जंग को तीन महीने पूरे

# गाजा में युद्ध नहीं होगा खत्म: पीएम नेतन्याहू

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल हमास के बीच जारी जंग को तीन महीने पूरे हो गए। इन तीन महीनों में इजराइल ने गाजा पट्टी स्थित हमास के ठिकानों पर जमकर कहर बरपाया है। इस बीच गाजा की अधिकांश इमारते खंडहर में तब्दील हो चुकी हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने घोषणा की कि गाजा में युद्ध तब तक समाप्त नहीं होगा, जब तक कि इजराइल अपने सभी लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर लेता। नेतन्याहू ने कहा कि हमारे लक्ष्यों में इजराइली बंधकों को वापस करना और हमास को पूरी तरह से खत्म करना है। उन्होंने एक बयान में कहा, तीन महीने पहले हमास ने हमारे खिलाफ भयानक नरसंहार किया था। जिसके बाद मेरी सरकार ने आईडीएफ को हमास को खत्म करने के लिए युद्ध करने, हमारे बंधकों को वापस लाने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि गाजा फिर कभी इजराइल के लिए खतरा नहीं बने। ऐसे में नेतन्याहू ने घोषणा की कि जब तक हम सभी लक्ष्य हासिल नहीं कर लेते, तब तक युद्ध नहीं रुकना चाहिए।

### हमास को पूरी तरह से खत्म करना हमारा लक्ष्य



#### हमारे सैनिक जीत के लिए तैयार

इजराइली प्रधानमंत्री ने अपने ताजा बयान में कहा कि हम हमास को किसी भी तरह की छूट नहीं देंगे, और हम तब तक लड़ेंगे, जब तक हमास का नामों निशान मिट नहीं जाता। उन्होंने आगे कहा कि हमें पूर्ण जीत तक एकजुट होकर हमास का सामना करना चाहिए । हमारे सैनिक हमास के खिलाफ पूर्ण जीत के लिए तैयार हैं।

#### मारे गए सभी कमांडर

इजराइली सेना के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि इजराइली बलों ने उत्तरी गाजा में हमास के सैन्य ढांचे को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है और लगभग 8,000 आतंकवादियों को मार डाला है। सेना के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने संवाददाताओं से कहा कि इजराइल रक्षा बलों ने उस क्षेत्र में हजारों हथियार और लाखों दस्तावेज भी जब्त किए हैं। उन्होंने दावा किया कि हमास के सभी कमांडर ढेर कर दिए गए हैं।

## समुद्री सुरक्षा की हालिया घटनाओं का दिया हवाला

# अरब सागर में पाक युद्धपोतों की तैनाती

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

भारत के देखा देखी पाकिस्तान ने भी अरब सागर में अपने युद्धपोत को तैनात कर दिया है। पाकिस्तानी नौसेना के एक प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि समुद्री सुरक्षा की हालिया घटनाओं के बाद पाकिस्तानी नौसेना ने अरब सागर में अपने युद्धपोत तैनात किए हैं। प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान के व्यापार मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पाकिस्तानी नौसेना के जहाज लगातार अरब सागर में गश्त कर रहे हैं। पाकिस्तान का यह बयान तब आया है, जब दो दिन पहले ही भारतीय नौसेना ने अरब सागर में एक जहाज तो समुद्री डाकूओं के चंगुल से बचाया था। पाकिस्तानी नौसेना ने कहा कि पाकिस्तान और अंतरराष्ट्रीय व्यापारी जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वाणिज्यिक मार्गों की निरंतर हवाई निगरानी भी की जा रही है। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तानी नौसेना क्षेत्र में समुद्री शांति और व्यवस्था बनाए रखने में अपनी राष्ट्रीय जिम्मेदारी से अच्छी तरह वाकिफ है। यमन के हूती विद्रोही मध्य पूर्व में आक्रामक तरीके से समुद्री व्यापार को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने पिछले एक महीने में कई जहाजों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं। हूती एक ऐसे क्षेत्र में हमले कर रहे हैं, जहां से पूरी दुनिया का अधिकांश तेल निर्यात होता है।






### उ. कोरिया ने द. कोरिया पर बरसाई गोलियां

**सियोल।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन ने दक्षिण कोरिया के हथियारों के प्रक्षेपण का पता लगाने की क्षमता का मजाक उड़ाया था। द. कोरिया के ज्वॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि उ. कोरिया ने प्रतिद्वंद्वियों की विवादित पश्चिमी समुद्री सीमा के पास 90 से अधिक राउंड फायरिंग की।

# खैबर-पख्तूनख्वा में गोलीबारी, 4 मरे

**एजेंसी** | पेशावर

पाकिस्तान के अशांत खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने दो वाहनों पर की गोलीबारी की। इस दौरान कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। जिला पुलिस अधिकारी मुहम्मद इमरान ने बताया कि स्वचालित हथियारों से लैस हमलावरों ने पाराचिनार से पेशावर के रास्ते में दो वाहनों को निशाना बनाया। खुर्रम जिले के सद्दा बाजार के पास हुए हमले में मारे गए लोगों में दो सुरक्षाकर्मी भी शामिल हैं। बदमाशों की तलाश और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पाराचिनार जिला मुख्यालय अस्पताल के उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कैसर अब्बास ने बताया कि घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, किसी भी समूह या व्यक्ति ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## जापान: भूकंप में 126 लोगों की मौत

# 6 दिन बाद जिंदा निकली बुजुर्ग महिला

**एजेंसी** | टोक्यो

जापान में नए साल को आए भूकंप के छह दिन बाद एक 90 साल की महिला को मलबे से बाहर निकाला गया। पश्चिमी जापान में एक ढहे हुए घर से 90 साल की एक महिला को जीवित निकाला गया है। इसे चमत्कार ही कह सकते हैं। जानकारी के मुताबिक पश्चिमी जापान में एक ढहे हुए घर के मलबे में से 90 साल की एक महिला को जीवित निकाला गया है। भूकंप आने के करीब 124 घंटे बाद भी मलबे में दबी महिला जीवित है। इस भूकंप में कम से कम 126 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक पांच साल का लड़का भी शामिल था। जब भूकंप आया तब बच्चे का इलाज चल रहा था क्योंकि वह खौलते पानी में गिर गया था। इलाज के दौरान ही भूकंप आ गया और बच्चे की मौत हो गई।



### कहां हुईं सबसे ज्यादा मौतें?

एक जनवरी को आए भूकंप में सबसे ज्यादा मौतें वाजिमा शहर में हुई हैं। यहां भूकंप के बाद बड़े पैमाने पर आग की लपटें भी देखी गईं थीं। जापानी सैनिक राहत कार्य युद्धस्तर पर कर रहे हैं। करीब तीस हजार लोगों को पानी, भोजन, दवाएं और अन्य सुविधाओं में पहुंचाया गया।

**सरकार से लोग कर रहे शिकायत:** जापान के लोगों की शिकायत है कि भूकंप के बाद सरकार रिहाइशी इलाकों को ठीक करने की कोशिश नहीं कर रही है। उनका कहना है जिन मलबों का तलाशी अभियान पूरी हो गई है उसे जस का तस छोड़ दिया गया है। मलबों की वजह से कई इलाके में सड़कें बंद हो गई हैं।कतरी न्यूज चैनल ने जापानी योमीउरी अखबार के हवाले से बताया कि उसके हवाई अध्ययन में क्षेत्र में 100 से अधिक भूस्खलन का पता चला है और कुछ प्रमुख सड़कें अवरुद्ध हो रही हैं। कुछ समुदाय, जैसे कि शिरोमारू का तटीय समुदाय, जो सुनामी से भी प्रभावित हुआ था, अभी भी सहायता का इंतजार कर रहे हैं।


सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl